माघ शुक्ल पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 263 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
08 मार्च 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो





आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

# नरेंद्र मोदी-राहुल गांधी और गोदी-बनाम लोधी मीडिया



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की लोकसभा चुनाव के पहले न्याय यात्रा मध्यप्रदेश के पांच दिनी पड़ाव के बाद राजस्थान प्रवेश कर गई। ऐसी ही यात्रा राहुल गांधी विधानसभा चुनावों के पहले भी कर चुके हैं। यानि दोनों यात्राएं उस वक्त हुईं, जबकि उन्हें कांग्रेस मुख्यालय के वार रूम में बैठकर नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा को पटखनी देने के लिए जुटे होना था। ऐसा कतई नहीं है कि मोदी यात्राएं नहीं कर रहे हैं। लेकिन उनकी हरेक यात्रा के पीछे एक प्रयोजन छुपा है। भाजपा के 370 या एनडीए को 400 पार का नारा बुलंद करने का इरादा उनका भले ही पूरा न हो पर उनकी हरेक यात्राओं के पीछे एक मकसद है। क्षेत्र विशेष में भाजपा को संभावित नुकसान को बचाने फिर उसको आगे ले जाने का मंसूबा है।

इस सबसे हटकर देखा जाए तो राहुल गांधी की यात्रा में बिखराव है। बेसमय शुरू की गई इस यात्रा के चलते उनको बीच-बीच में इंडी गठबंधन के दलों की सभाओं और रैलियों के लिए शामिल होने जाना पड़ता है। उनकी न्याय यात्रा के बीच चुनावों में मोदी को धूल चटाने के लिए अपनी पार्टी के साथ न्याय करने वाली भूमिका का भाव पीछे छूट गया है। ऐसा लगता है कि देश को न्याय दिलाने के लिए यात्रा पर निकले राहुल खुद अपनी पार्टी यानि कांग्रेस या इंडी गठबंधन के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। यह सवाल लापता सा लगता है कि मोदी- शाह और उनकी टीम जो प्रत्याशी चुन रही है, उसकी कमजोर कड़ियां कौन सी हैं? उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में क्या बेहतर विकल्प हो सकता है? भाजपा के खिलाफ कौन सी रणनीति अपनाई जाए? अपनी यात्रा के दौरान पढ़ने वाले मंदिरों में वह बीते दस सालों की तरह जा भी रहे हैं। लेकिन यह सोच पीछे छूट गया है कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के न्यौते को ठुकराने का क्या नतीजा होगा? उनके सबसे बड़े सहयोगी दल द्रमुक पार्टी के सबसे बड़े नेताओं के सनातन धर्म और राम के खिलाफ दिए जा रहे बयानों पर चुप्पी साधे रखना या उनकी अनदेखी कितनी उचित है?



हो सकता है कि कांग्रेस की इन कमियों पर गौर करने के बजाए उनको गिनाने वालों को भी कांग्रेसी प्रचार तंत्र गोदी मीडिया साबित करके सारे सवालों से पल्ला झाड़ ले। लेकिन अगर मोदी की आंख मूंदकर स्तुति करने वाले मीडिया को राहुल गांधी और उनकी कांग्रेसी टीम ने 'गोदी मीडिया' के बतौर प्रचारित कर रखा है तो कांग्रेस और राहुल गांधी की बेतुकी रीति नीतियों और रणनीति की सोशल मीडिया से लेकर खबरिया चैनलों पर अपने कुतर्कों से बचाव करने वाले मीडिया को 'लोधी मीडिया' (लुटियन दिल्ली में बैठा वामपंथी विचारक मीडियाकर्मियों) क्या नहीं कहा जा सकता? यदि मोदी का गोदी मीडिया पत्रकारिता के सारे मानदंडों को ताक में रखकर नरेंद्र मोदी-अमित शाह या उनकी भाजपा का महिमामंडन कर रहा है तो कांग्रेस के पैरोकार बन बैठे लोधी मीडिया के लोग भला क्या कर रहे हैं? केवल मोदी-शाह और भाजपा की आलोचना करने के अलावा उनके पास इस बात की कोई सोच नहीं है कि मोदी-शाह के बढ़ते प्रभाव को कैसे निस्तेज किया जाए? यदि आप मोदी की आलोचना करते हैं या फिर उनके विकल्प के तौर पर राहुल गांधी और कांग्रेस को पेश करते हैं तो उसके लिए आपके पास भला क्या प्रकल्प हैं? कोई कुछ भी कह ले लेकिन बगैर बेहतर प्रकल्प के आप भाजपा या मोदी का विकल्प नहीं बन सकते। फिर आपके प्रकल्प भी ऐसे होने चाहिए जो कि उस मतदाता के दिमाग में यह बात बिठा सके कि इसके जरिए राहुल गांधी या प्रियंका जी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहतर साबित हो सकते हैं। यह बात किसी के गले नहीं उतरेगी कि कांग्रेस 30 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देगी या एक साल के लिए एक लाख रूपए सरकारी दफ्तर में काम करने के लिए अप्रेंटिस बनने का मौका देगी।

देश के शीर्ष उद्योगपति मुकेश अंबानी या गौतम अडानी के खिलाफ छेड़ा जाने वाला राग भी आपको सत्ता में नहीं पहुंचा सकता। आज अगर राहुल गांधी को ये चेहरे देश को लूटने वाले लगते हैं तो सत्ता में आने पर वह विदेशी बहुरपाष्ट्रीय कंपनियों से देश का कल्याण करा देंगे? अगर अंबानी या अदाणी देश को लूट रहे हैं तो क्या विदेशी मल्टीनेशनल राहुल बाबा के कहने पर भारत में चैरिटी करने आएंगे? फिर इस बात का जवाब भी राहुल गांधी को देना होगा कि देश में अंबानी को कांग्रेसी सरकार के किन नेताओं ने खड़ा किया? अडाणी को आगे बढ़ाने वाले कांग्रेसी कौन हैं? कांग्रेस के ऐसे कितने नेता हैं जो उनके व्दारा प्रदत्त सुविधाओं का फायदा नहीं उठाते? जाहिर है कि यह बातें राहुल गांधी और कांग्रेसियों से ज्यादा लोधी मीडिया को चुभेंगी। लेकिन देश में लोकतंत्र में मजबूती के लिए सशक्त विपक्ष की पैरोकारी करना एक पत्रकार और जिम्मेदार अखूार के नाते अपना धर्म है। कुल मिलाकर मोदी की आलोचना की नैया पर सवारी करके आप उनका विकल्प नहीं बन सकते। मोदी गोदी मीडिया के प्रयोजन को समझें या न समझें लेकिन कम से कम राहुल गांधी को उस वामपंथी लोधी मीडिया के इरादों को समझना होगा जो न तो देश को और न कांग्रेस या राहुल प्रियंका को कहीं ले जा सकते।

### कीमतों में 100 रुपए की कमी, महिला दिवस का तोहफा बताया

# चुनाव आए..., अब सरकार ने घरेलू सिलेंडर के दाम घटाए





नई दिल्ली, एजेंसी।

आज महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा ऐलान किया,इसके तहत एलपीजी सिलेंडर के दाम घटा दिए गए हैं। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की कटौती की जानकारी दी। जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव और होली से पहले मोदी सरकार के ये बड़ा फैसला है। इससे पहले बीते साल दिवाली से पहले सरकार की ओर से एलपीजी की कीमतों में कटौती की गई थी. इससे पहले कल ही मोदी मंत्रिमंडल की बैठक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को 300 रुपये की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी थी। एलपीजी सिलेंडर के दाम घटाने का ऐलान करते हुए मोदी ने महिला दिवस के अवसर पर एक एक्स पोस्ट में महिलाओं को बधाई भी दी। इस ऐलान के बाद अब सिलेंडर की कीमतें देशभर में 100 रुपये कम हो गई हैं।

### 'करोड़ों भारतीय परिवारों का आर्थिक बोझ कम होगा'

मोदी ने लिखा, महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। गैस को और अधिक किफायती बनाकर, हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई का समर्थन करना और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।

### कीमतों पर नजर

राजधानी दिल्ली में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 903 रुपये, कोलकाता में 14..2 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर का दाम 929 रुपये था। इसके अलावा मुंबई में इसकी कीमत 902.50 रुपये और चेन्नई में 918.50 रुपये चल रही थी। अब इनमें सीधी सौ रूपये की कटौती होगी। भोपाल में अब सिलेंडर का दाम करीब 808 रुपए का होगा।

### मोदी बोले- बहुत जल्द सफाई होने वाली है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में देशभर के अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले कंटेंट क्रिएटर्स को नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड कहानी सुनाने, सामाजिक परिवर्तन की वकालत, पर्यावरणीय स्थिरता, शिक्षा और गेमिंग सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। मोदी ने पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में मल्हार कलांबे को जब स्वच्छता राजदूत पुरस्कार से सम्मानित किया तो कलांबे ने कहा कि वो मोदी के साथ सफाई से संबंधित वीडियो बनाना चाहते हैं। इसके जवाब में पीएम ने कहा कि उनको मौका मिलेगा, ये हर प्रकार की सफाई में काम आ सकता है, इस चुनाव में भी सफाई होने वाली है। इस दौरान रणवीर अल्लाहबादिया (बीयरबाइसेप्स) को डिसरप्टर ऑफ द ईयर, पंक्ति पांडे को ग्रीन चैंपियन, जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार, मैथिली ठाकुर को सांस्कृतिक राजदूत,जान्हवी सिंह को हेरिटेज फैशन आइकन व श्रद्धा को सबसे रचनात्मक रचनाकार पुरस्कार प्रदान किया गया।




# कांग्रेस की पहली सूची आज, वायनाड से राहुल अमेठी पर सस्पेंस

नई दिल्ली, एजेंसी।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में उम्मीदवारों को लेकर मंथन का दौर जारी है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने करीब 40 उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है।आज यह सूची आने के आसार भी हैं। इस लिस्ट में केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिये नाम होगा। उनका टिकट पर सहमति बन गई है। हालांकि, राहुल इस बार अपनी परंपरागत सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इस पर सस्पेंस बना हुआ है। चुनावी उम्मीदवारों की रेस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद का नाम भी है। रायबरेली पर भी पार्टी की नजर है। बताया जाता है कि सीईसी की बैठक में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 60 लोकसभा सीटों पर चर्चा की गई। इसमें दिल्ली, कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, सिक्किम, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय और लक्षद्वीप की लोकसभा सीटें शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल भी उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। केरल में कांग्रेस विधायक दल के नेता वीडी सतीसन ने बताया कि पार्टी केरल में 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. जबकि चार सीटों पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे. सतीसन ने बताया कि सीईसी ने फैसला कर लिया है कि 16 सीटों पर कौन-कौन उम्मीदवार होंगे।



### दावा: हम सौ फीसदी 15 साल तक सत्ता में रहेंगे



**टोक्यो एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों जापान दौरे पर हैं। जापान में एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री से लोकसभा चुनाव को लेकर जब सवाल किए गए तो जयशंकर ने दावा किया कि उन्हें 100 फीसदी विश्वास है कि उनकी सरकार 15 वर्षों या उससे भी ज्यादा समय तक सत्ता में रहेगी। साथ ही जयशंकर ने अपने लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल का भी जवाब दिया। जयशंकर ने कहा कि एक दूरदर्शी और फैसले लेने वाली सरकार के पास बहुमत होना बहुत जरूरी होता है। सौभाग्य से भारत में जो अभी सरकार है, उसके पास देश को विकास की राह पर ले जाने वाला विजन और संसद में बहुमत दोनों है। इसका असर देश में आने वाले विदेशी निवेश और व्यापार जगत पर भी पड़ता है। जयशंकर ने विश्वास जताया कि 15 और उससे भी ज्यादा समय तक उनकी सरकार सत्ता में रहने वाली है। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 'इसका फैसला पार्टी करेगी क्योंकि ऐसे राजनीतिक फैसले पार्टी नेतृत्व ही करेगा।

### राजीव हत्याकांड की आरोपी नलिनी छोड़ना चाहती हैं देश



**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषियों में से एक एस नलिनी मद्रास ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से यह अनुरोध किया कि उसके पति को देश छोड़ने के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने के मकसद से भारत में श्रीलंकाई उप उच्चायोग के समक्ष पेश होने की अनुमति दी जाए। नलिनी ने याचिका में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी सात लोगों को रिहा कर दिया है, लेकिन उनके पति श्रीहरन उर्फ मुरुगन को तिरुचिरापल्ली के एक विशेष शिविर में रखा गया है क्योंकि वह श्रीलंका के नागरिक हैं। नलिनी और मुरुगन को 12 नवंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जेल से रिहा कर दिया गया था। नलिनी लंदन में रहना चाहती है।

महाशिवरात्रि की धूम

## रात ढाई बजे खुले महाकाल मंदिर के पट, सीएम ने किया पूजन

उज्जैन, दोपहर मेट्रो।

आज देशभर में महाशिवरात्रि की धूम है। मप्र में उज्जैन के महाकाल मंदिर, खंडवा के ओंकारेश्वर, रायसेन के भोजपुर और नर्मदापुरम के पचमढ़ी में चौरागढ़ महादेव मंदिर समेत प्रदेश सभी शिवालयों में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा है। उज्जैन में रात ढाई बजे मंदिर के पट खोले गये। यहां आज दिनभर में करीब 12 लाख श्रध्दालुओं के आने का अनुमान हैं। उज्जैन में लगातार 44 घंटे तक भगवान महाकाल के दर्शन होंगे। मंदिर प्रशासन ने भक्तों को 40 मिनट में दर्शन कराने का दावा किया है। यहां श्री सिंधूलेश्वर मंदिर से शिव बारात निकाली गई, जिसमें युवक-युवती नृत्य करते हुए चल रहे थे। सुबह 8 बजे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भी सपत्नीक भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे और अभिषेक किया।



सुधरे बोल

## गब्बर मोड से बाहर निकले राजभर ने कहा मैं नायक हूं

लखनऊ, एजेंसी।

करीब ढाई दशक पहले अभिनेता संजय दत्त की फिल्म 'खलनायक' का मामला आजकल यूपी में नए मंत्री बने ओमप्रकाश राजभर पर भी फिट बैठ रहा है। कल तक खुद को 'गब्बर' बताने वाले ओम प्रकाश राजभर ने 24 घंटे में गब्बर मोड से बाहर निकलकर खुद को आज नायक कहना शुरू कर दिया। दरअसल मंत्री बनने के बाद ओम प्रकाश राजभर ने एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि मुझे भी गब्बर समझ लो. उन्होंने कहा था, 'मैं कहता हूं किसी थाने पर जाओ, लेकिन सफेद गमछा मत लगाओ। हमारा पीला गमछा लगाओ। पीला गमछा लगाकर जब थाने पर जाओगे तब तुम्हारी शक्ल में दरोगा को राजभर दिखेगा। मुझे भी गब्बर समझ लो।' इस बयान की आलोचना और इसके निहितार्थ समझने के बाद राजभर ने अब कहना शुरू कर दिया है कि मैं नायक हूं खलनायक नहीं! उन्होंने कहा सपा सरकार में गरीबों के मनोबल को दबाया गया था, उनका मनोबल बढ़ाने के लिए हम पूर्वांचल की भाषा मे बोलते हैं, उसको आप दूसरी भाषा में समझते हैं। वो खलनायक की भूमिका नहीं वो हीरो की भूमिका थी।



महिला दिवस पर सौगात

## भोपाल में महिलाएं आज बसों में कर रहीं हैं निशुल्क सफर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

महिला दिवस के मौके पर आज भोपाल में महिलाएं और युवतियां कुल 368 सिटी बसों में कहीं भी आना-जाना कर रही हैं तो उन्हें किराया नहीं चुकाना पड़ रहा है। महिला दिवस के मौके पर 'शहर सरकार' ने महिलाओं को यह तोहफा दिया है। शुक्रवार को दिनभर महिलाएं रेड यानी, सिटी बस में फ्री में सफर कर सकेंगी। उल्लेखनीय है कि इन सिटी बस में रोजाना लगभग डेढ़ लाख यात्री सफर करते हैं। इनमें 40 प्रतिशत यानी करीब 60 हजार महिलाएं व युवतियां होती हैं। यह मुफ्त सफर सुविधा आज सुबह छह बजे से शुरू की गई है और रात 9 बजे तक जारी रहेगी।

सभी सुविधाओं से लैस इन बसों में शिकायत के लिए महिला कॉल सेंटर नंबर भी दिए गए हैं। जहां कॉल सेंटर नंबर 9752399966 पर संपर्क कर महिलाएं अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकती हैं।



# महा शिवरात्रि पर शिवधाम भोजपुर में सजा शिवालय











*भोपाल के समीप शिवधाम भोजपुर में शिवरात्री महापर्व पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह 4 बजे भगवान का अभिषेक और महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भाग लिया। इधर नगर में भी सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। भोले के भक्तों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन ने पर्याप्त व्यवस्था की है।*

### टाइगर रिजर्व वाले जिलों से किसी को नहीं किया शामिल

# वाइल्डलाइफ बोर्ड में सिर्फ 8 जिलों को ही प्रतिनिधित्व, बाकी की अनदेखी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड में सिर्फ आठ से 10 जिलों को ही प्रतिनिधित्व दिया गया है, बाकी के जिलों से किसी को शामिल नहीं किया गया। यहां तक कि टाइगर रिजर्व वाले जिलों के प्रतिनिधित्व को भी अनदेखा गया किया। हालांकि सभी जिलो को प्रतिनिधित्व मिले, यह नियम नहीं है लेकिन इस बोर्ड का मकसद ही वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण का संरक्षण करना है। ऐसे में जिन जिलों में टाइगर रिजर्व स्थित है ऐसे जिलों की अपनी समस्या और जरुरत हैं, जिसे स्थानीय विशेषज्ञ ज्यादा बेहतर तरीके से समझते हैं। ऐसे में वन्यप्राणी विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ऐसे जिलो के विशेषज्ञों को शामिल किया जाता तो बोर्ड और समक्षम और बेहतर काम कर पाता।

उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को पुर्नगठित स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड में भोपाल जिले को मुख्य रूप से उचित तवज्जो मिली है। यह राजधानी वाला जिला है, साथ ही यहां रातापानी के जंगल से आबादी तक बाघों व तेंदुओं का मूवमेंट रहा है। राजधानी होने के साथ-साथ यहां विशेषज्ञों की संख्या भी अच्छी-खासी है इसलिए यहां से अधिक विशेषज्ञों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। वहीं बैतूल, आगर मालवा, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल, उज्जैन, सतना जिले को भी जगह दी है।



जबकि पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना व छत्तरपुर, पेंच रिजर्व छिंदवाड़ा व सिवनी, कान्हा रिजर्व बालाघाट व मंडला, बांधवगढ़ रिजर्व उमरिया, सतपुड़ा रिजर्व नर्मदापुरम, रानी दुर्गावती रिजर्व दमोह व सागर जिले और संजय डुबरी टाइगर रिजर्व की सीमा सीधी व सिंगरौली जिले तक फैली है। इनमें से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व वाले नर्मदापुरम जिले से एक मात्र संस्था भाऊराव भुस्कुटे न्यास को सदस्य के रूप में शामिल किया है। बाकी जिलों के रिजर्व वाले जिलों से प्रतिनिधित्व नगण्य है। वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण मामलों के कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि बैतूल जैसे एक जिले से चार-चार सदस्य लिए जाने की बजाए वन, वन्यजीव और पर्यावरण की दृष्टि से महत्व रखने वाले जिलों का प्रतिनिधित्व भी बोर्ड में शामिल करना चाहिए था।

उल्लेखनीय है कि बोर्ड में कुल 34 सदस्य है। इनमें पदेन सदस्य, विशेष सदस्य, संस्था और वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल किए हैं। यह बोर्ड मप्र में वन्यप्राणी, वन एवं पर्यावरण क्षेत्र से होकर गुजरने वाली बड़ी परियोजनाओं को हर पहलुओं पर जांचने परखने के बाद अनुमति देता है। यही नहीं, स्वतः संज्ञान भी ले सकता है। इसमें बैतूल विधानसभा के विधायक हेमंत खंडेलवाल, डॉ. महेंद्र सिंह, भारत भारती संस्था के मोहन नागर और भारत भारती संस्था शामिल है।

# पीपीपी मोड पर कॉलेज खोलकर अस्पतालों को उनके अधीन करने का विरोध शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलकर उनके अधीन सरकारी अस्पतालों को देने का विरोध शुरू हो गया है। प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है। कई आम नागरिकों में इस बात का भय है कि कहीं सरकारी अस्पतालों में पैर रखना भी मुश्किल न हो जाए। लोग अलीराजपुर जिले में सरकार द्वारा किए प्रयोग को याद कर रहे हैं। पूर्व में आलीराजपुर जिला अस्पताल और जोबट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को दीपक फ़ाउंडेशन को सौंपकर स्वास्थ्य सूचकांको में सुधार की उम्मीद की थी परंतु यह प्रयास विफल रहा था, और इन प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य की परिस्थितियों में कोई अंतर नहीं आया था। इस मामले में एक जनहित याचिका कोर्ट में लंबित है।

**कैबिनेट ने हाल ही में दी है उक्त निर्णय को मंजूरी, आम नागरिकों में विरोध**

पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलकर जिला अस्पतालों को उनके अधीन किए जाने के मामले में जन स्वास्थ्य अभियान समेत कई संगठनों की नाराजगी सामने आ रही है। इन संगठनों के प्रमुखों ने कैबिनेट के निर्णय को गलत ठहराया है और वापस लेने की मांग कर रहे हैं। अभियान के अमूल्य निधि, एसआर आजाद, धीरेंद्र आर्य, राकेश चांदौरे का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना पहली प्राथमिकता होना चाहिए ताकि आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने और उनके अधीन पूर्व से संचालित जिला अस्पतालों को देने से व्यवस्थाएं चरमरा जाएंगी और इस तरह गरीब वंचितों के इलाज के बड़े संस्थान उनकी पहुँच से दूर हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 4134 उप स्वास्थ्य केंद्र, 1045 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 245 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो की कमी है। यह कमी आदिवासी और शहरी क्षेत्रों में भी है। इन स्वास्थ्य केन्द्रो में चिकित्सक और अन्य मेडिकल व पेरा मेडिकल स्टाफ की कमी भी है। ऐसे में अस्पतालों को निजी हाथों में देखना बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है।

# देश के 40 लाख वयस्क टीबी से बचाव के टीके लगवाने के लिए तैयार

### 7 मार्च से हुई है 26 जिलों में टीके लगाने की शुरूआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में पहली बार वयस्कों को टीबी से बचाव के टीके लगाए जा रहे हैं। इसकी शुरुआत गुरुवार से हुई है, शुक्रवार दूसरा दिन है। प्रदेश भर में हजारों लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**40 लाख लोगों का पंजीयन किया:** स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 40 लाख लोगों ने टीबी का टीका लगवाने की सहमति दी है। ऐसे लोगों का टीबी पोर्टल पर पंजीयन किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक यह काम आगे भी जारी रहेगा। साथ ही टीकाकरण भी चलता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि 26 जिलों में वयस्कों को पहली बार टीबी से बचाव के टीके लगाने की शुरुआत की है। ये टीके टीबी के मरीज रह चुके लोग, टीबी मरीजों के संपर्क में आने वाले लोग, अति कुपोषित वयस्क, डायबिटीज से पीड़ित, 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति और धूम्रपान करने वाले लोगों को लगाए जा रहे हैं।

### 2025 तक टीबी मुक्त मप्र बनाने का लक्ष्य

*मप्र को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने का लक्ष्य है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का कहना है कि टीबी उन्मूलन मिशन की सफलता के लिए जनभागीदारी महत्वपूर्ण है। सभी लोगों व स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने में सफल होंगे।*

# सिंधी भगत साधना के बीच भोले की साधना शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में शिवरात्रि महोत्सव सिंधी भगत साधना के साथ शुरू हो गया है। दो दिवसीय मेले की शुरूआत शिवरात्रि की पूर्व बेला में गुरूवार को शिव मंदिर स्टेशन रोड पर हुई। सिंधी समाज से पल्लव कर सभी की खुशहाली की कामना की। आठ मार्च को सुबह से शिव मंदिरों के अभिषेक, पूजन और आरती के आयोजन होंगे। शिव भक्तों ने बम-बम भोले के जयकारों के बीच प्राचीन शिव मंदिर स्टेशन रोड पर देवों के देव महादेव की साधना शुरू की।



कार्यक्रम की शुरूआत शिवभिषेक के साथ हुई। सिंधी भगत गायकों ने सिंधी भजनों की प्रस्तुति देकर शिव उत्सव मनाया। पंडित नारायण शर्मा ने शिवजी की पूजा अर्चना कराई। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, महेश दयारामानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, आयोजक रमेश हिंगोरानी ने शिवजी की पूजा अर्चना की। विधायक शर्मा ने कहा भगवान शिव सभी का कल्याण करें। सब पर उनकी कृपा बनी रही। इसके बाद सिंधी भगत परंपरा का अलख जगाने सिंधी भगत गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी।

**मेट्रो एंकर** | **मुगालिया हाट में सात दिवसीय शिविर का समापन**

# सेवा भावना जागृत करने का माध्यम है एनएसएस

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

छात्राओं में सेवा भावना जागृत करने का माध्यम है एन एस एस कैम्प। यह बात संत हिरदाराम ग्रुप डायरेक्टर, शहीद हेमू कालाणी एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन हीरो ज्ञानचंदानी ने कही। वे संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के सात दिवसीय एन एस एस कैम्प के समापन मौके पर बोल रहे थे।

कैंप ग्राम मुगालिया हाट में आयोजित किया गया था। ज्ञानचंदानी ने कहा कि संतजी के विन और एन एस एसके लक्ष्य में समानता है। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य है अपने से पहले दूसरे का कल्याण।



**कैंप फायर आयोजित:** रात्रि में कैम्प फायर का आयोजन किया गया जिसमें नृत्य, नाटिका, गायन, एकल अभिनय आदि कला की अनेक विधाओं का प्रदर्शन किया गया। कैम्प के अंतिम दिन कैम्प फायर में प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी सहित महाविद्यालय के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### सघन जनसंपर्क किया

ग्रामीण जनसमुदाय के मध्य जागरूकता के लिए संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने कैम्प के दौरान सघन जनसंपर्क किया। कैम्प में विभिन्न बौद्धिक सत्र आयोजित हुए, जिनमें विद्युत नियामक आयोग के संयुक्त निदेशक अमित खरे द्वारा 'ऊर्जा संरक्षण एवं गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से ऊर्जा उत्पादन' विषय पर चर्चा की गई । आहार एवं पोषण विभाग की प्रो बबिता गोस्वामी ने 'स्वस्थ जीवन शैली में आहार का महत्व' विषय पर चर्चा कर छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया। जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट के अनिल खरे बौद्धिक सत्र के आमंत्रित अतिथि थे। उन्होंने छात्राओं एवं ग्रामीणों को जीन्स से थैले बनाना, सीड बॉल्स बनाना सिखाया।

# भाभा विवि में तरंग महाकुंभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाभा विश्वविद्यालय में तरंग 2024 सांस्कृतिक कार्यक्रम में चौथे दिन रंगोली प्रतियोगिता और साइंस एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया गया। साइंस एग्जीबिशन का आयोजन प्रो.राकेश पुणेकर,डॉ सत्कार प्रसाद एवम रंगोली कार्यक्रम का आयोजन रश्मि रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन विश्व विद्यालय के कुलगुरू डॉ. दिलीप कुमार डे एवम सीईओ पिल्लई के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ . श्याम पाटकार डीएसडब्ल्यू डॉ नामिश मेहता एवम सभी संकाय शिक्षक गण एवम छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ उपस्थित रहे। रंगोली प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया

# मिठी में पेरेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल ने 2024-25 सत्र के लिए कक्षा पहली के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल आशा चंगलानी के स्वागत भाषण दिया। कोर्डिनेटर मिनी नायर ने स्कूल की नीतियों के बारे में बताया। साथ ही अभिभावकों को बताया कि वार्षिक परीक्षा के बाद ग्रुमिंग कक्षाएं 15 से 28 मार्च तक निःशुल्क आयोजित की जाएंगी। इन कक्षाओं में पब्लिक स्पीकिंग, टेबल मैनर्स, व्यक्तित्व विकास, आर्ट एंड क्राफ्ट, कम्प्युटर एवं एआई जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल होंगी।


तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में
मध्यप्रदेश को मिली बड़ी सौगात
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
देश का पहला शोध आधारित आईआईटी सैटेलाइट परिसर
आईआईटी इन्दौर के सहयोग से
नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभावात्मक विद्यार्जन केन्द्र का
(डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर)
। उद्घाटन ।
धर्मेन्द्र प्रधान
केन्द्रीय मंत्री, शिक्षा, कौशल विकास एवं
उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार
(वीसी के माध्यम से)
एवं
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
द्वारा
8 मार्च 2024 - प्रातः 9:00 बजे - उज्जैन, मध्यप्रदेश
"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न से भारत को तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी देश बनाने के प्रयासों को अभूतपूर्व गति मिली है। सैटेलाइट परिसर के स्थापना से मध्यप्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
केन्द्र में एस्ट्रोनॉमिकल हेरिटेज लैब, लेज़र इंजीनियरिंग लैब और मेकर्स स्पेस ऑन माइक्रो मैन्युफैक्चरिंग लैब की स्थापना
मध्यप्रदेश के छात्रों, शिक्षाविदों और औद्योगिक संस्थानों को मिलेगा लाभ
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11237/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## पौराणिक महत्व और धार्मिक आस्थाओं के हैं आसपास चारों शिवधाम

# जहां सत्य है वहीं शिव का वास है, सिवनी मालवा क्षेत्र के अद्भुत शिवधाम

सिवनी मालवा, संतोष सिंह चंदेल

**महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सिवनी मालवा और आसपास के क्षेत्र में स्थापित महादेव के कुछ स्थानों का विवरण क्षेत्र की पौराणिक महत्व पर्यटन और धार्मिक महत्व हैं क्षेत्र के चारों और शिवधाम स्थित है। जहां सत्य है वहीं शिव का वास है, क्षेत्र के अद्भुत शिवधाम के लिए क्षेत्र में मान्यताएं प्रचलित है। दोपहर मेट्रो से हुई बातचीत के दौरान क्षेत्र में नर्मदा घाट पुस्तक की लेखिका श्रीमती नंद सिंह ठाकुर ने क्षेत्र में प्राचीन शिव धाम होने की जानकारी देते हुए ने बताया की**



### भेलाघाट पर स्थित है चतुर्मुख महादेव

सिवनी मालवा क्षेत्र में आंवलीघाट से 3 मील नीचे भेला घाट स्थित है। इस घाट के निकट इन्दनानदी (इंद्रावती नदी) का संगम है। यहां चतुर्भख शिवलिंग है। ऐसा शिवलिग आस पास के क्षेत्र में कहीं भी नहीं है। भेलाघाट की शोभा काल्पनिक है है, नर्मदा जी में विपुल जलराशि दृष्टिगोचर होती है। यह सिवनी मालवा क्षेत्र में अनुपम और दुर्लभ है। यह ग्राम भेला के दक्षिण में स्थित है। ऐसी मान्यता है कि ब्रह्माजी ने नर्मदा परिक्रमा के दौरान दक्षिणी निर्माण देवी तट पर यहां कुछ समय विश्राम किया था। इससे आगे नर्मदा पुन: दक्षिणवाहिनी होकर निकलती है ।

### सिवनी मालवा नगर का शंकर मंदिर

सिवनी मालवा नगर में शंकर मंदिर में श्री गणेशजी की प्रतिमा वर्तमान में यह गणेश मंदिर (शंकर मंदिर के नाम से विख्यात है) सिवनी मालवा नगर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। आज तो यह मंदिर नगर की आवादी के बाहर प्रतीत होता है अथवा यह कहा जाये कि नगर आवादी धीरे-धीरे पूर्व दिशा कि ओर सरकते हुए तीन किलोमीटर तक बढ़ गई है। शायद इसीलिए कभी नगर के मध्य स्थापित मंदिर अब नगर के बाहर हो गया है। सिवनी मालवा नगर का यह गणेश मंदिर एक चमत्कारिक मंदिर है। इसका एक कारण यह भी है कि मंदिर में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा और प्रतिमा के ऊपर का मंडप एक ही पत्थर पर उत्कृष्ट मूर्ति कला का उदाहरण प्रस्तुत करती है। एक ही पत्थर काटकर भगवान गणेश की दक्षिणावर्त अर्थात् दाहिने तरफ सूंड को हुई प्रतिमा बनाई गई है। इसी प्रतिमा के ऊपर एक चार स्तंभ पर मंडप काटकर बनाया है। भगवान श्री गणेश के सामने की ओर शिवलिंग की स्थापना की गई संभवत इसीलिए अब शंकर मंदिर कहलाता है।प्रमाणिक लेखों के अनुसार यह मंदिर वास्तव में गणेश मंदिर के नाम से विख्यात था। प्रसिद्ध धार्मिक साहित्य प्रकाशन कल्याण के श्री गणेश अंक के पृष्ठ क्रमांक 418 पर लेख प्रो. श्रीकृष्ण दत्त जी वाचपायी ने लिखा है कि इस गणेश मंदिर का प्रारोभक निर्माण ईस्वी 9 वीं शती में संपत्र हुआ है। मनोकामना पूर्ण करने वाली विशेषता शंकर मंदिर में श्री गणेश जी का दाहिनी सूंड सामने शंकर जी (शिवलिंग) और मंदिर का पूर्व दिशा में मुख होना प्राचीन परंपराओं और मान्यताओं के आधार पर चमत्कारिक है। इसी के साथ गणेशजी के मंदिर में गणेशजी भगवान शंकर जी की पूजा अर्चना करते हुए दर्शाय गये हैं। श्री गणेश जी की दाहिनावतं सूंड है जो अपने आप में मनोकामना पूर्ण और सिद्धिदात्री हैं उनके साथ साथ रिद्धी और सिद्धी है, मस्तक पर चन्द्रमा, जनेऊ और सर्प भी है यही कारण है कि इनती विशेषताओं और विलक्षणता पौराणिक विशेषताओं के कारण भगवान श्री गणेश जी के दर्शन मात्र ही मनोकामना को पूर्ण करने वाले हैं।




### सिंदूरासुर के उद्धार के लिए गजानन का हुए प्राकट्य

हमारी धार्मिक मान्यताओं और परम्पराओं के अनुसार श्री हनुमानजी और श्री गजानन को सिंदूर चढ़ाया जाता है। श्री हनुमानजी को सिन्दूर अर्पित करने की पौराणिक कथा श्री रामचरित मानस में मिल जाती है और श्री गजानन सिंदूर चढ़ाने की पौराणिक कथा शिवपुराण और कल्याण के श्री गणेश-अंक (48वां वर्ष के विशेषांक 657) के पृष्ठ 312 से और कल्याण के ही अवतार अंक में पृष्ठ क्रमांक 145-149 पर मिलती है। श्री हनुमानजी को सिंदूर अर्पण करने या लेपन करने की कथा तो सर्वव्यापी है। गजानन और सिंदूर की कथा हम यहां श्रीगणेश-अंक से अत्यन्त सूक्ष्म रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं कथा के अनुसार द्वापर युग की बात है। एक दिन पर्वतीवल्लभ शिव ब्रम्हा-सदन पहुँचे। उस समय चतुर्मुख शयन कर रहे थे। कमलासन ने निद्रा से उठते ही जंभाई ली। उसी समय महादेव सिंदूरासुर और उनके मुख से एक महाघोर पुरूष प्रकट हुआ। कथा में वृतांत मिलता है कि आगे चलकर भगवान शंकर का युद्ध सिंदूरा असुर महादेत्य से हुआ । जिसमें भगवान शंकर सिंदूरा का वध नहीं कर सके ।

### तिलक सिंदूर : जहां शिवलिंग पर सिंदूर लेपन किया जाता है

नगर के वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार विजय सिंह ठाकुर बताते हैं की तिलक सिंदूर में जैसे ही हम सीढ़ियों से चढ़कर मंदिर के सामने पहुंचते हैं। हमें मंदिर के सामने मंडप और फिर गर्भगृह में शिवलिंग के दर्शन हो जाते है। मंडप में हो नांदिया की स्थापना की गई है।



तिलक सिंदूर मंदिर में स्थापित शिवलिंग की जलहरी चतुष्कोणी है। ऐसा शिवलिंग और जलहरी आस-पास के क्षेत्र में कहीं भी देखने में नहीं आती है। ऐसा माना जाता है कि संपूर्ण मध्य भारत में सिर्फ औंकारेश्वर में ही चतुरकोणी जलहरी पर शिवलिंग स्थापित है। शिवलिंग अति प्राचीन किन्तु काले पत्थर का बना हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह पत्थर स्थानीय पत्थर नहीं है। लिंग के नीचे चतुष्कोणी है। यह भी पत्थर की बनी हुई है। वर्तमान में टाईल्स लगा देने के कारण उसका वास्तविक स्वरुप पूरी तरह ढ ?क गया है। परम्पराओं के अनुसार शिवलिंग पर सिंदूर का तिलक लगाया जाता है। (धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शिवलिंग पर सिदूर नहीं चढ़ाया जाता लेकिन तिलकसिंदूर के इस शिवलिंग पर सिंदूर चढ़ाया जाता है। यह एक आश्चर्य का विषय है) किंतु सिंदुरासुर दैत्य का वध करने के बाद रक्त लेपन स्वरूप सिंदूर लेपन का उदाहरण धार्मिक ग्रंथों में मिलता है।

### गंजालेश्वर महादेव

सिवनी मालवा क्षेत्र में नर्मदा तट भिलाड़िया घाट से 6 मील आगे गोंदा गांव गंगेश्वरी मठ घाट स्थित है जहां पर सिवनी मालवा और टिमरनी तहसील और नर्मदापुरम व हरदा जिले की सीमा निर्धारण करने वाली गंजाल नदी का संगम स्थल है। इस संगम स्थल पर श्री गंजालेश्वर महादेव का मंदिर स्थित है। इस संबंध की स्कन्द पुराण कथा है कनयापुर के सोमवंशी महाराजा हरिकेश के पुत्र चक्रवती महराज देवानीक का वृतांत इस के साथ मिलता है। मठ ही वर्तमान में गंजालेश्वर महादेव पहुंचने के लिए गांव में से पहुंचा जा सकता है। जो रास्ता त्रिवेणी संगम से गंजालेश्वर महादेव को जाता था वह नर्मदाजी और गंजाल नदी के प्रबलवेग से नष्ट हो गया है। सदियों से गंजालेश्वर महादेव में गंगेश्वरी मठ से ही पुजारी आकर पूजन-पाठ करते हैं। इसी मठ में त्रिवेणी संगम से सीड़ियों के द्वारा श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में पहुंचा जा सकता है। गंजालेश्वर महादेव इसी मंदिर के पीछे स्थापित हैं। गंजालेश्वर महादेव के ठीक सामने भगवान भैरवनाथ का मंदिर है और भैरव मंदिर के ठीक पीछेगंजाल नदी बहती है। जहां सदियों पुरानो प्रतिमा स्थापित है। आस-पास के ग्रामीणों में व्याप्त इतिहास के आधार पर गंजालेश्वर महादेव मठ क्षेत्र में सबसे बड़ा मठ था। नर्मदा पुराण और स्कंध पुराण में गंजालेश्वर महादेव का लेख मिलता है। यहां राजा हरिकेश ने आकर यज्ञ, हवन पूजन किया था।

# अधिवक्ताओं ने किया सांसद प्रत्याशी चौधरी का स्वागत

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा 2024 के भाजपा से सांसद प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी का नर्मदापुरम में प्रथम आगमन 7 मार्च 2024 गुरुवार को हुआ। अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि कोर्ट गेट के पास अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत पुष्पहार और शाल पहनाकर किया। श्री चौधरी राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया, नर्मदापुरम विधायक डा सीताशरण शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल के साथ नगर में पहुंचे थे। कोर्ट परिसर के पास स्वागत के दौरान जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के उपाध्यक्ष मनोज यादव, सहसचिव क्षमा चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा , ग्रंथपाल पीडी चौरे, कार्यकारिणी सदस्य सीके कुरापा, सौरभ तिवारी , पूर्व अध्यक्ष केके थापक, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी, जयप्रकाश पटेल, आनंद शर्मा, कल्पेश दुबे, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, श्रीप्रकाश दुबे, संजीव बग्गन, अनिल दुबे, योगेश पटेल, मनीष शर्मा, प्रशांत पालीवाल, चंदन शाह, प्रमोद रावत, प्रमोद यादव, सचिन चौहान, अनुराग दुबे, संदीप थापक, प्रशांत राठौर, भागीरथ मीना, राजेन्द्र बकोरिया, पर्वत लोधी, सौरभ बस्तरवार, नितीन यादव, रशीद खान, अनिल गौर, राजेश मालवीय, अजय मीना और अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।



# एडल्ट बीसीजी टीका अभियान का शुभारंभ, 415 नागरिकों को लगा बीसीजी टीका

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

गुरुवार को जिला चिकित्सालय सहित नर्मदापुरम जिले सभी शासकीय अस्पतालों में एडल्ट टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के चिन्हित लाभार्थियों को टी.बी. रोग से बचाव हेतु बीसीजी टीके का शुभारंभ किया गया, जिला अस्पताल में राज्य सभा सदस्य श्रीमति माया नारोलिया एवं डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर ने अभियान का शुभारंभ किया, इस अवसर पर डा. दिनेश देहलवार सीएमएचओ, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी प्रजापति, डॉ. आर.के वर्मा जिला टीकाकरण अधिकारी डा. प्रियंका दुबे जिला क्षय अधिकारी, कोल्डचेंन प्रभारी सतीष पटेल, डीपीसी श्री विशेश दुबे, जिला वैक्सीन कोल्डचेंन मैनेजर माधव दीक्षित, श्री मदन वर्मा आदि उपस्थित रहे। इटारसी में अधीक्षक डॉ आर के चौधरी, सुपरवाइजर सुनील साहू, केसला ब्लॉक में श्रीमती ज्योति पटेल अध्यक्ष स्वास्थ्य समिति, ब्रजकिशोर, सुखराम कुमरे, रामविलास चौधरी, सोहागपुर में अन्ना काका, जनपद सदस्य विधायक प्रतिनिधि एवं अन्य सभी ब्लॉकों में संस्था प्रभारियों ने अभियान का शुभारंभ किया, राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया द्वारा टी.बी. से बचाव हेतु टीके से संबंधित जानकारी को अवगत कराया गया। आज अभियान के प्रथम दिन जिले के 31 टीकाकरण केंद्रों में 415 चिन्हित नागरिकों को बीसीजी टीका का डोज लगाया गया, 11 मार्च से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को चिन्हित नागरिकों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में एडल्ट बीसीजी टीका के डोज लगाए जायेंगे ।



# सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.तोमर को संत शिरोमणि रामजी बाबा मेले के समापन पर सम्मानित किया

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और पर्यावरणविद् डॉ. मयंक तोमर को उनके पर्यावरण संरक्षण-स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए रामजी बाबा मेले के समापन दिवस पर नगर पालिका द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक सीताशरण शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सीएमओ नवनीत पांडे, कार्यालय अधीक्षक प्रशांत जैन और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉक्टर मयंक तोमर को सम्मान प्राप्त होने पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय विचार मंच के संरक्षक के एस राजपूत अध्यक्ष अरुण दीक्षित सहित के एन त्रिपाठी के के शर्मा आशीष तिवारी भागचंद बरगले अशोक दिबोलिया ओमप्रकाश मालवीय डॉक्टर सुरेंद्रजीत सिंह विलियम मसीह लल्ला सोनी बदन सिंह तोमर सत्तार खान अकरम खान असलम भारती किरण शर्मा जयबाला निगम सुशीला बरगले आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# जपं के लेखा अधिकारी पर भी लग रहे हैं आय से अधिक संपत्ति के आरोप

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

धन कमाने के लोभ में अधिकारी क्या-क्या नहीं करते. नियमों को दरकिनार कर सरकारी धन को हड़पने का सिलसिला कई विभागों में जारी है. एक ऐसा ही मामला इन दोनों जनपद पंचायत सिवनी मालवा के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्गेश भूमरकर के कार्यकाल का दिखाई दे रहा है.मामले की जांच लोकायुक्त ने शुरू की है.इस प्रकरण में जनपद पंचायत सिवनी मालवा के प्रभारी पंचायत निरीक्षक संजय तिवारी लेखपाल अशोक चौहान तथा लिपिक के के वैष्णव को 1 फरवरी 2024 को बयान दर्ज कराने हेतु बुलाया था. मामला भ्रष्टाचार से संबंधित एवं सीईओ की आय अधिक संपत्ति को लेकर बताया जा रहा है

सूत्र बताते हैं कि जनपद पंचायत सिवनी मालवा में पदस्थ रहे मुख्य कार्य पालन अधिकारी दुर्गेश भूमरकर के कार्यकाल में जितना भ्रष्टाचार हुआ उतना पहले कभी देखा सुना नहीं गया. 3 वर्ष से भी अधिक समय तक पदस्थ रहे भूमरकर द्वारा एक वेयरहाउस का निर्माण कराया गया. इसके अलावा भी जिले में और भी संपत्ति अर्जित की गई. एक अधिकारी के पास इतने अल्प समय में इतना ज्यादा पैसा कहां से आया. मामले को लेकर एक शिकायतकर्ता ने इस बात पर लोकायुक्त में शिकायत पत्र दाखिल किया था. इसी शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई है. सूत्र बताते हैं कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्माण शाखा से मिलकर लेखापाल द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से भुगतान कराए गए.इन्हीं भुगतानों के माध्यम से करोड़ों का भ्रष्टाचार होने की आशंका को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है।

### इनका कहना है -

मेरे खिलाफ लोकायुक्त में क्या शिकायत की गई है इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है. मेरे द्वारा ऐसा कोई काम नहीं किया गया है. जिससे नियमों का उल्लंघन होता हो.

-**दुर्गेश भूमरकर** पूर्व सीईओ जनपद पंचायत सिवनी मालवा

1 फरवरी को मुझे भी को दुर्गेश भूमरकर वाले प्रकरण में बयान दर्ज कराने के लिए भोपाल बुलाया गया था. मुझे तो अधिकारियों द्वारा पूछा गया कि आप किसी वित्तीय जिम्मेदारी पद पर नियुक्त रहे क्या.

मैंने उन्हें अवगत कराया कि मैंने कभी जनपद में वित्तीय संबंधी जिम्मेदारी का पद नहीं प्राप्त किया.

- **संजय तिवारी** प्रभारी पंचायत निरीक्षक जनपद पंचायत सिवनी मालवा

मैं भी बयान देने के लिए गया था. मामला मुझ से संबंधित तो नहीं था लेकिन लेखापाल होने के नाते मुझे बयान दर्ज कराना पड़ा। मामला पूर्व सीईओ दुर्गेश भूमरकर से संबंधित था.

भूमरकर जी की शिकायत किसी ने की थी. मामला उसी से संबंधित है।

- **अशोक चौहान** लेखापाल जनपद पंचायत सिवनी मालवा

मेरे पास अभी तक लोकायुक्त का कोई पत्र नहीं आया. इसलिए मेरे द्वारा बयान दिए जाने का सवाल ही नहीं उठता. यदि मेरे पास पत्र आएगा तो मैं भी बयान देने जाऊंगा.

- **के के वैष्णव** सहायक ग्रेड -3 जनपद पंचायत सिवनी मालवा

**मेट्रो एंकर**

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: वन भारत साड़ी वॉकथॉन कार्यक्रम हुआ आयोजित

# नारी शक्ति का स्वरूप है वह अपने समस्त दायित्वों का निर्वहन करती है: नारोलिया

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा विकास निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास के समन्वय से गुरुवार को पर्यटन घाट नर्मदापुरम से सेठानी घाट नर्मदापुरम तक वन भारत साड़ी वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा श्रीमती माया नारोलिया, अध्यक्ष नगरपालिका नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नर्मदापुरम श्रीमती मंजूलता पटेल, श्रीमती अर्चना पुरोहित, पार्षदगण उपस्थित रहे। साथ ही डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम श्रीमती बबीता राठौर, एसडीएम, नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री प्रियंका भलावी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती निशा चौहान, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती ज्योति सिघंई, सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती सुनीता बाघवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ललित कुमार डेहरिया, सहायक संचालक हस्तकरधा नर्मदापुरम रतन शाह, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शहरी श्रीमती प्रीति यादव, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास ग्रामीण प्रमोद गौर एवं अधिकाधिक संख्या में बालिकाएं, महिलाएं उपस्थित रही।

वन भारत साड़ी वॉकथॉन कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। साथ ही स्वयं ने भी साडी वॉकथॉन में सहभागिता दी। उक्त साड़ी वाकथान का समापन सेठानी घाट पर हुआ। तदोपरांत जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन भी सांसद श्रीमती नारोलिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती पूजन कार्यक्रम उपरांत समस्त अतिथि गणों का स्वागत महिला एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। तदोपरांत राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, द्वारा उपस्थित प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्री य महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की साथ ही कहा कि- नारी शक्ति का स्वरूप है वह अपने समस्त दायित्वों का निर्वहन करती है आज नारी प्रत्येक क्षेत्र - पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, कला, संस्कृति, खेल, राजनीति एवं अन्य समस्त क्षेत्रों में अपना योगदान बराबरी से कर प्रदेश एवं देश को समृद्ध एवं सशक्त बना रही है। उक्त कार्यक्रम में भारतीय परिधानों में विविध साड़ी पेटर्न प्रदर्शन प्रतियोगिता एवं बच्चों द्वारा फेंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नानुसार प्रतिभागियो नें भाग लिया श्रीमती लक्ष्मी यादव गुजराती साड़ी, सुश्री रितिका सूर्यवंशी मराठी साड़ी, श्रीमती अंजूबाला बंगाली साड़ी, श्रीमती पारूल यादव साउथ इंडियन, केरला सुश्री रूकमणी कहार, जनजातिय साड़ी, सुश्री प्रज्ञा यादव राजस्थानी साड़ी, श्रीमती पूजा ठाकुर राजस्थानी साड़ी, श्रीमती निशिका कांसकार बंगाली साड़ी, श्रीमती सरिता तिलोटिया गुजराती साड़ी, श्रीमती रखविंदर कौर पंजाबी साड़ी, श्रीमती ईशा शास्त्री साउथ इंडियन, श्रीमती आषा अवस्थी बंगाली ड्रेस, श्रीमती किरण इंगले महाराष्टीयन ड्रेस, श्रीमती पूनम तिवारी हिन्दुस्तानी दुल्हन, श्रीमती क्षमा कलसिया गुजराती ड्रेस, श्रीमती प्रीति डागोरिया बंगाली ड्रेस, श्रीमती रानी मेहरा महाराष्टीयन, श्रीमती प्रतिभा बंगाली, श्रीमती पूनम बंदरेले गुजराती, श्रीमती अनीता मालवीय केरला, श्रीमती बीना मालवीय बिहारी, श्रीमती प्रीति यदुवंशी महाराष्टीयन साड़ी, श्रीमती सितारा खान, श्रीमती सीमा यादव बंगाली साड़ी, श्रीमती सुषमा राजपूत राजस्थानी साड़ी, श्रीमती वंदना राजोरिया केरलियन साड़ी, कुमारी भुवनेश्वरी यादव आर्मी ड्रेस, कुमारी दर्शना वरूण झांसी की रानी, कुमारी इशिता सराठे डॉक्टर, कुमारी सेवंती खेरकर नर्मदा मैया, कुमारी शक्ति परसाई डाक्टर, कुमारी चंचल आसरे पार्वती जी, कुमारी दिशा भारतमाता, कुमारी काव्या यादव ,राधिका कुमारी, अनन्या उतरांचल ड्रेस कुमारी दिया झांसी की रानी कुमारी साक्षी राजोरिया पंजाबी ड्रेस, कुमारी तनु मीना डाक्टर, कुमारी तपस्या रूरे एयर होस्टेस, कुमारी आराध्या मीना, मास्टर सैफ कुमारी हर्षिता रैकवार पुलिस, कुमारी आफिया डाक्टर, कुमारी दियांशी भारतमाता, कुमारी शिफा खान डॉक्टर, कुमारी सृष्टि तिवारी झांसी की रानी की ड्रेस में प्रदर्शन किया गया।



उपरोक्त भारतीय परिधान में विविध साड़ी पेर्टन प्रदर्शन के प्रतिभागियो एवं फैंसी ड्रेस कार्यक्रम के प्रतिभागियो को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्यक, खेल विभाग केसला श्रीमती आरती शर्मा, एवं परियोजना अधिकारी मबावि ग्रामीण प्रमोद गौर, द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ललित कुमार डेहरिया एवं संचालक, हस्तकरघा, नर्मदापुरम रतन शाह सहायक द्वारा किया गया।

# ग्राम पंचायत ऐंचदा सचिव कॉल रिसीव नहीं करते, महिला सरपंच के अधिकारों का पति द्वारा किया जा रहा हनन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत नटेरन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ऐंचदा में विभिन्न मदों से कराये गये निर्माण कार्यों सहित एसबीएम ग्रेवाटर मैनेजमेंट के तहत जो कार्य करवाये गये है,उन सभी विभिन्न मदों से कराये गये लाखों रुपये के निर्माण कार्यों की जांच कराया जाना ग्रामीणों के और ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों के हित में होगा,सचिव सरपंच ने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया है। ग्राम पंचायत सचिव किसी का कॉल रिसीव करना भी मुनासिब नहीं समझते सचिव की इन हरकतों से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सचिव ग्रामवासियों की उम्मीदों पर कितना खरा उतर रहा होगा।

ग्राम पंचायत ऐंचदा में महिला सरपंच है और पंचायत को सरपंच की जगह सरपंच पति चला रहा हैं। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब सरपंच को किया गया सरपंच पति का नाम आ रहा था। पहली बात तो यह है कि सरपंच पति कभी यदि गलती से काल रिसीव कर लेते हैं उसके बाद अपनी आदत अनुसार फिर काल रिसीव नहीं करते हैं। सरपंच पति और सचिव बस अपने चहेतों को फायदा पहुंचा ने के लिये भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इसीलिए तो इन्होंने अमन शर्मा और प्रेमनारायण को तथाकथित तरीके से लाभ पहुंचाया गया है। ग्राम पंचायत में किया गया भ्रष्टाचार मीडिया में आने के बाद भी जनपद पंचायत में बैठे हुऐ किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने संज्ञान में नहीं लिया इस से बड़ा और क्या दुर्भाग्य हो सकता है। क्योंकि जनपद पंचायत नटेरन और जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों का हमेशा से भ्रष्टाचार से मजबूत नाता रहा है।

**सरपंच के पति चला रहे हैं ग्राम पंचायत**




# सड़क किनारे खड़े वाहनों को पुलिस ने हटवाया

**सिरोंज।** इन दिनों धीरे–धीरे करके मंडी में आवाक भी बढ़ने लगी है। जिसके बाद यातायात व्यवस्था भी मंडी बाईपास रोड पर प्रभावित हो रही है ,जिसको देखते हुए पुलिसकर्मियों ने मंडी बाईपास रोड पर जगह–जगह मनमर्जी से खड़े होने वाले वाहनों को हटाने का काम किया क्योंकि अधिकांश वाहन चालकों के द्वारा सड़क पर कहीं भी वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। इस वजह से इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है । बड़े शहरों को आने जाने के अलावा मुख्य बस स्टैंड सहित तहसील कार्यालय आदि जाने के लिए मुख्य रास्ता है इस वजह से यहां पर यातायात का दबाव हमेशा रहता है। इसी बीच अधिकांश दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसी बीच जगह पर मनमाजी से बड़ बड़े वाहन खड़े हो जाते हैं इस वजह से यहां पर जम के हालात दिनभर बने रहते हैं।



### कृषि उपज मंडी में अवैध रूप से अतिक्रमण करने से रोकने पर

# प्रभारी मंडी सचिव के साथ की गई मारपीट, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कृषि उपज मंडी में एसडीएम के निर्देशन में पिछले महीने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी इसके बाद एक बार फिर से यहां गुरुवार को अवैध रूप से अतिक्रमण करके गुमठी रख कर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया तो प्रभारी मंडी सचिव रमेश अहिरवार मंडी के नीलामी परिसर में देखा तो गेट पर गुमठी रखने कार्य हो रहा था तभी इन्होंने अवैध रूप से गुमठी रखने वाले उमाशंकर शर्मा उर्फ मटरू से गुमठी रखने से मना किया तो इनके साथ पहले तो गाली गलौज के इसके बाद प्रभारी मंडी सचिव रमेश अहिरवार के साथ जमकर मारपीट की वहीं पर ड्यूटी पर तैनात सैनिक और अन्य कर्मचारियों ने पहुंचकर इनको बचाया गई इसके बाद प्रभारी मंडी सचिव ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ थाने पहुंचकर मारपीट करने वाले व जाति सूचक शब्दों का उपयोग करने की धाराओं में उमाशंकर शर्मा उर्फ मटरू पर धारा 323,294,506 एवं एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करवाया।

एक अधिकारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जिस समय वहां मंडी में ड्यूटी पर था उसके बाद भी शासकीय कार्य मे बाधा डालने की धाराएं नहीं लगाई गई है। अपने अधिकारी के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद सभी अधिकारी कर्मचारी थाने पहुंच गए थे इस वजह से मंडी में कोई मौजूद नहीं रहा। मंडी के अधिकारी कर्मचारियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा दूसरी ओर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला भी पुलिस के द्वारा अभी तक दर्ज नहीं किया गया है। जिसकी चर्चाएं भी हो रही है। प्रभारी मंडी सचिव और मंडी के अधिकारी कर्मचारियों ने पुलिस से आवेदन देकर शासकीय कार्य वादा उत्पन्न करने मारपीट तथा जाति से शब्दों के उपयोग करने की धाराओं में मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। इसके दबाव में पुलिस प्रशासन के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज नहीं किया है इसकी चर्चाएं भी हो रही है। जैसे ही मारपीट का मामला कृषि उपज मंडी में आया तो सभी हक्के-बक्के रह गए यहां पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई, इसके बाद मारपीट करने वाले भी मौके से गायब हो गए। प्रशासन के द्वारा लगातार अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही नगर पालिका परिषद के द्वारा तो जहां पर भी अतिक्रमण हटाया गया वहां पर दोबारा करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करके उसको हटाया जा रहा है। वहीं जब एसडीएम ने अतिक्रमण करवाया तो अवैध रूप से यहां पर अतिक्रमण करने का प्रयास भी नहीं करना मना करने पर उल्टा प्रभारी मंडी सचिव के साथ मारपीट करना एक कहीं से कहीं तक उचित नहीं है ऐसे लोगों पर पुलिस प्रशासन को काली कार्रवाई करनी चाहिए।



### आबकारी के सुस्त रवैये का फायदा उठाते शराब ठेकेदार

# गांवों में धड़ल्ले से बिक रही है अवैध शराब

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जहां एक और प्रदेश की सरकार अवैध शराब को लेकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देष दे रही है वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उन निर्देषों का पालन नही किया जा रहा है। विभाग के सुस्त रवैये के चलते यह अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है।




जिम्मेदार अधिकारियों का मुख्यालय पर मोजूद नही रहते कई बार ग्रामीण षिकायत कर चुके है मगर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। अवैध शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद है ग्राम इकलोद धर्मपूर पथरिया कस्बाताल में अस्पाताल के सामने धडल्ले से अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। अवैध शराब इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों सहित छोटे छोटे कस्बो में बेधडक यह कारोबार किया जा रहा है अवैध शराब के चलते कई गॉवों के परिवारों की जिंदगियां उजड़ गई है हालात यह बन गये है कि कई गॉवो में घरो तक अवैध शराब धडल्ले से पहुँचकर बेची जा रही है। इन अवैध शराब माफियों ने ज्यादा फोकस ग्रामीण क्षेत्रो कर रखा है कई पारिवारो के लोगो ने बताया कि यह षराब के ठेके गॉव से हट जाए तों हमारे पारिवार की माली हालत सुधर सकती है। वही कस्बाताल के रहवासी माजिद खांन ने बताया कि हमने कई कई बार शिकायत कर चुके है और कलेक्टर महोदय को भी आवेदन दे दिया उन्होने यहा पर आकर भी देखा है परंतु आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से कोई कार्यवाही नही हो रही है। वही जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव भी इसकी षिकायत जिम्मेदारो से कर चुके है लेकिन आबकारी विभाग कार्यावाही नही कर रहा है इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि आबकारी विभाग की मिलीभगत से ही गांव गांव अवैध ष्षराब का कारोबार हो रहा है जिसकी खूली छूट विभाग द्धारा दी गई हो। वही इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क किया तों उन्होने फोन रिसीव नही किया।

# मातृ शक्ति के संस्कार ही जीवन में आगे बढ़ाते हैं: स्वास्थ्य राज्यमंत्री

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

व्यक्ति के जीवन में माता के दिये हुये संस्कार ही आगे बढाने का कार्य करते है। माता को बालक की प्राथमिक पाठशाला कहा गया है। यह उद्गार मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने महिला दिवस के अवसर पर रायसेन स्थित कन्या शाला परिसर में आयोजित जिला स्तरीय महिला दिवस तथा साड़ी वॉकथान कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की ओर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों के परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। चाहे प्रधानमंत्री उज्जवला योजना हो, आजीविका मिशन हो या प्रधानमंत्री आवास योजना सभी से महिलाओं को विशेष लाभ हुआ है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन ने महिला दिवस की सभी उपस्थित महिलाओं को शुभकामनाएं देकर सरकार द्वारा किये जा रहे महिला उत्थान के प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों एवं किए जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया। अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में साड़ी वॉकथान का आयोजन किया गया।

# आवारा कुत्तों के आंतक के कारण स्कूली बच्चें एवं महिलाएं परेशान, आखिर नपा क्यों नहीं दे रही गंभीर समस्या पर ध्यान!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन प्रति दिन बड गया है इनकी संख्या में भी इजाफा हुआ है अगर हम बात करे तों वार्ड 6,7,11 में सबसे अधिक संख्या में कुत्ते देखे जा सकते है। इसी की परेषानी को देखते हुए पत्रकार सलमान अमीन नें एक आवेदन नगर पालिका सीएमओं रामप्रकाष साहू के नाम दिया। आवेदन में लेख किया है कि आवारा कुत्तों की संख्या में इजाफा हुआ है इन दिनों कक्षा 5वी 8वी की परीक्षाऐंच ल रही है जिसमे छोटे छोटे बच्चे परीक्षा देने अपने अपने सेंटरो पर जाते है रास्ते में काफी झुंड में आवारा कुत्ते इधर उधर लटते हुए नजर आते है जिससे स्कूली छात्र छात्रओं मे भय रहता है कि कही हमारे उपर वार न करदे और हमे घायल न करदे इसी परेषानी के चलते कई स्कूल के बच्चे रास्ता बदलकर अन्य रास्ते से अपने सेंटर पेपर देने जाते है। वही हम बात करे तों महिलाऐं भी इन आवारा कुत्तों से परेषान है तंग गलियों मे यह आवारा कुत्ते फिरते रहते है जिससे महिलाऐं भी इसे खासा परेशान है। नगर के रिटायर्ड शिक्षक सादिक अली खांन नें अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर पालिका सीएमओं से मांग की है कि आवारा कुत्तों के आतंक पर अंकुष लगाया जाए इनका हल निकाला जाए जिससे लोगो को आ रही परेषानी खत्म हो सके। वही देखा जाए कि नगर के षासकीय राजीव गांधी अस्पताल में कुत्तों के काटने के कारण लोगो को लगने वाला वैक्सीन भी रोज लग रहे है इसकी संख्या मे भी इजाफा हुआ है अगर समय रहते आवारा कुत्तों पर कार्यावाही नही की तों यह समस्या और गंभीर हो सकती है।



शहर में आवारा कुत्तों की संख्या इतनी ज्यादा है कि छोटे बच्चों को कई बार इन आवारा कुत्तों के द्वारा बुरी तरह से घायल कर दिया था। यह झुंड में एक तरफ से जाते हैं कई बार आवारा कुत्तों के द्वारा बड़े लोगों को भी घायल कर दिया है। इस समय बच्चों की परीक्षाएं चल रही है वह स्कूल परीक्षा देने जाते हैं तभी कुत्ते इनको काट लेते हैं। कुत्तों के आतंक से सभी परेशान हैं इसके बाद भी इन आवारा कुत्तों से मुक्ति नगर वासियों को नहीं दिलाई जा रही है। आवारा कुत्तों के आतंक से सभी लोग भयभीत हैं इन कुत्तों के द्वारा स्कूल आए जाने वाले बच्चों तथा राहगीरों को घायल करने का काम किया जा रहा है। इसीलिए जनहित में आवारा कुत्तों से शहर वासियों को मुक्ति दिलाई जाए।

**मेट्रो एंकर** | **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले, तीन महिला परिषद की शाखाओं का हुआ गठन**

# 1 लाख 27 हजार महिलाओं को अभियान से जोड़कर वंदना बनी प्रेरणा स्रोत, 18 हजार से अधिक लड़कियों को प्रथम पीरियड पर निशुल्क दे चुकी हैं सेनेटरी पैड

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



स्त्रियों के बदन को परंपराओं, धार्मिक मान्यताओं के नाम पर शुचिता के बोझ से इस कदर लाद दिया गया कि 21वीं सदी के दूसरे दशक के आखिरी वर्षों में भी वे इनसे मुक्ति पाने के लिए जद्दोजहद कर रही हैं। उदाहरण के तौर पर मासिक धर्म (पीरियड) के मुद्दे पर ही चर्चा करें तो पता चलता है कि भारत में ही लड़कियों व महिलाओं को इन दिनों में किन खास मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह फेहिरस्त लंबी है, पर बताना इसलिए जरूरी है ताकि उन पर परिवार, समाज और सरकारी स्तर पर अधिक से अधिक चर्चा हो, समाधान तलाशे जाएं और रजोधर्म से संबंधित भ्रांतियां और शर्म उतनी ही तेजी से मिटें। सामाजिक मानसिकता में बदलाव के साथ-साथ लड़कियों व महिलाओं को उन सारी जरूरी सुविधाओं को मुहैया कराना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रजोधर्म संबंधी स्वच्छता के लिए केवल लड़कियों व महिलाओं को ही जागरूक करना जरूरी नहीं है, बल्कि पूरे समाज में यह संदेश पहुंचाना अहम है।



गौरतलब है कि नारी सम्मान से पुरस्कृत अशोकनगर निवासी वंदना शर्मा हैं पिछले कई वर्षों से महावारी जागरूकता के तहत अभियान चला रही हैं। जो अपने अभियान से अभी तक 1 लाख 27 हजार लड़कियों व महिलाओं को जोड़ चुकी है वंदना शर्मा मध्य प्रदेश के विदिशा, अशोक नगर जिले में पिछले 4सालों से लगातार कार्य कर रही है

शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म हमारी पहचान है। इसके लिए किसी भी तरह की शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं है और न ही किसी को इसका अहसास करने की। जरूरी यह है कि हम इससे जुड़ी स्वच्छता का नियमित ध्यान रखें। व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर भी केवल इसके लिए सकारात्मक रुख ही अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के अलावा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो में सेनेटेरी पैड तक महिलाओं की पहुंच भी सीमित है। इस ओर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि सेनेटरी पैड को लेकर युवतियां व महिलाएं जितनी खुलकर बात करेंगी उतनी ही इस जानकारी का प्रसार होगा। इसके जरिये ही हम स्वच्छ भारत की स्वस्थ नारी का निर्माण कर सकेंगे। रजोधर्म या मासिक धर्म या पीरियड के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है अन्यथा युवतियोंध्महिलाओं को कई तरह के संक्रमण अपनी चपेट में ले लेते हैं। अगर शुरुआत से ही इस स्वच्छता पर ध्यान दिया जाए तो युवतियोंध्महिलाओं को कई तरह के संक्रमणों व बीमारियों से बचाया जा सकता है।

### 18 हजार लड़कियों को दे चुकी हैं निशुल्क सेनेटरी पैड

महावारी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वंदना शर्मा दूर दराज ग्रामीण अंचलों की लड़कियों महिलाओं को न केवल जागरूक करती है बल्कि प्रथम पीरियड पर लड़कियों को मुफ्त में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराती है शर्मा अभी तक 18 हजार से अधिक लड़कियों को मुक्त में सेनेटरी पैड दे चुकी है बंदना बताती है कि इस काम से आत्म संतुष्टि मिलती है महावारी कोई अभिशाप नहीं है बल्कि हमारी पहचान है इस पर खुलकर बात होनी चाहिए ओर यही प्रयास हम लगातार कर रहे

### भारत-इंग्लैंड मैच का दूसरा दिनः लंच तक भारत का स्कोर 280 रन पर 2 विकेट

# रोहित के बाद शुभमन का भी शतक, कप्तान की 12वीं, गिल की चौथी सेंचुरी

**धर्मशाला, एजेंसी**

धर्मशाला टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक भारत ने एक विकेट पर 264 रन बना लिए। टीम ने पहली पारी में 46 रन की बढ़त बना ली है। कप्तान रोहित शर्मा 102 और शुभमन गिल 101 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। यशस्वी जायसवाल 57 रन बनाकर आउट हुए थे। स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने जैक क्रॉले के 79 रन के सहारे 218 रन बनाए। भारत से कुलदीप यादव ने 5 और रविचंद्रन अश्विन ने 4 विकेट लिए। टीम इंडिया ने दूसरे दिन के पहले सेशन में 135/1 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। रोहित ने 52 और शुभमन ने 26 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दोनों ने ही अपने-अपने शतक पूरे कर लिए। सेशन खत्म होने तक रोहित 102 और शुभमन 101 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सेशन में इंग्लैंड ने 30 ओवर बॉलिंग की, भारत ने बगैर विकेट गंवाए 129 रन बना लिए। इंग्लैंड ने चार गेंदबाजों से बॉलिंग कराई लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिली। शुभमन गिल ने शोएब बशीर के खिलाफ चौका लगाकर अपनी संेचुरी पूरी की। यह उनके टेस्ट करियर की चौथी सेंचुरी रही। भारत में उनके नाम 3 शतक हैं, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ उनका दूसरा शतक रहा। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ पहला शतक भी इसी सीरीज में विशाखापट्टनम के मैदान पर लगाया था।





### यशस्वी ने की सेंचुरी पार्टनरशिप

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में भारत को तेज शुरुआत दिलाई। यशस्वी ने 20वां ओवर पूरा होने से पहले ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वह 58 बॉल पर 57 रन बनाकर आउट हुए। इस विकेट के साथ उनकी कप्तान रोहित के साथ 104 रन की पार्टनरशिप भी टूटी। धर्मशाला टेस्ट के पहले दिन भारत से यशस्वी जायसवाल ने 57 रन की पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने अपने 9वें टेस्ट में एक हजार रन भी पूरे कर लिए। धर्मशाला टेस्ट के पहले दिन भारत से रविचंद्रन अश्विन और इंग्लैंड से जॉनी बेयरस्टो ने 100वां टेस्ट खेला। देवदत्त पडिक्कल ने डेब्यू किया। वहीं शुभमन गिल ने पीछे की ओर 15 यार्ड दौड़कर बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा। बता दें कि गुरुवार को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। जैक क्रॉले के 79 रन के सहारे टीम ने 100 रन 2 ही विकेट के नुकसान पर बना लिए। लेकिन कुलदीप यादव की धारदार बॉलिंग से टीम 218 रन पर ही सिमट गई। कुलदीप ने 5 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन को 4 सफलताएं मिलीं, वहीं एक विकेट रवींद्र जडेजा को भी मिला।

### कुलदीप टेस्ट में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय

भारत और इंग्लैंड के बीच पामच मैचों की टेस्ट सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में कुलदीप यादव ने कहर बरपाया। धर्मशाला में उनकी स्पिन होती गेंदों के सामने इंग्लिश बल्लेबाज धराशाई हो गए। भारतीय टीम ने इंग्लैंड की पहली पारी को 218 रन पर समेट दिया। कुलदीप ने 15 ओवर में 72 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्होंने जैक क्राउली (79), बेन डकेट (27), ओली पोप (11), जॉनी बेयरस्टो (29) और बेन स्टोक्स (0) को आउट किया। चार विकेट लेते ही कुलदीप ने टेस्ट क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे कर लिए। फिलहाल उनके नाम 12 टेस्ट में 51 विकेट हैं। 40 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कुलदीप गेंद के हिसाब से टेस्ट में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए।

### शुभमन-रोहित में सेंचुरी पार्टनरशिप पूरी

रोहित शर्मा ने मार्क वुड के खिलाफ बाउंसर पर मिड-ऑफ की दिशा में चौका लगाया। इसी के साथ उनकी शुभमन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी पूरी हो गई। भारत को पहला झटका 104 रन के स्कोर पर लगा था। शुभमन गिल ने मार्क वुड के खिलाफ 2 रन लिए। इसी के साथ टीम का स्कोर भी 200 रन के पार पहुंच गया। शुभमन फिफ्टी बनाकर टिके रहे, उनके साथ रोहित भी हाफ सेंचुरी लगा चुके हैं। शुभमन गिल ने मार्क वुड के खिलाफ लॉन्ग लेग की दिशा में सिंगल लिया। इसी के साथ उनके 64 बॉल पर 50 रन भी पूरे हो गए। शुभमन ने सीरीज में चौथी बार फिफ्टी प्लस का स्कोर बनाया। ओवरऑल यह उनके करियर की 7वीं फिफ्टी रही। रोहित शर्मा ने शोएब बशीर के खिलाफ सिंगल लेकर अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 12वां शतक है। भारत में उनके नाम 10 शतक हैं, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ यह उनकी चौथी सेंचुरी रही। सीरीज में उनका दूसरा शतक रहा, उन्होंने राजकोट में 131 रन की पारी खेली थी। रोहित ने मार्क वुड के खिलाफ लॉन्ग लेग की दिशा में चौका लगाया। इंग्लैंड ने भी पहली पारी में 218 रन बनाए थे, भारत ने इंग्लैंड के स्कोर की बराबरी कर ली। अगले ओवर में शुभमन गिल ने शोएब बशीर के खिलाफ सिक्स लगा दिया। इसी के साथ टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बना ली।

# रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

### विनीसियस के गोल से टीम ने दूसरे लेग में आरबी लीपजिंग से ड्रॉ खेला



**स्पेन, एजेंसी**

यूईएफए चैंपियंस लीग में स्पेन के क्लब रियल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। घरेलू मैदान पर आरबी लीपजिंग के साथ दूसरे लेग में 1-1 से ड्रॉ रहा। कुल 2-1 के स्कोर के साथ अंतिम 8 में प्रवेश किया। इससे पहले रियल मैड्रिड ने अंतिम 16 के पहले लेग में 1-0 से जीत दर्ज की थी। मैड्रिड के लिए एक मात्र गोल विनीसियस जूनियर ने किया। मैच में लीपजिंग ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि, टीम शुरुआत में मिले मौके को भुनाने में सफल नहीं हो पाई। टीम के फॉरवर्ड लोइस ने गोल करने के दो अच्छे मौके गंवा दिए। पहला हाफ दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई।

दूसरे हाफ के शुरुआत में हुआ विवादः दूसरे हाफ के शुरुआत में ही रेफरी के फैसले को लेकर विवाद हो गया। दरअसल मैड्रिड के प्लेयर विनीसियस जूनियर ने आरबी लीपजिंग के विली ओर्बन पर पीछे से अटैक किया और फिर उन्हें धकेल दिया। जिसके बाद रेफरी ने उन्हें येलो कार्ड दिया, जिसको लेकर सवाल उठे। रेफरी विनीसियस को रेड कार्ड देकर बाहर भेज सकते थे। मैच के 65वें मिनट में ब्राजीलियाई खिलाड़ी विनीसियस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि चार मिनट बाद ही ओर्बन ने हेडर के जरिए गोल कर लीपजिंग को 1-1 से बराबरी दिला दी।

# डब्ल्यूपीएलः पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आया मुंबई

**मुंबई, एजेंसी**

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बनाए। जवाब में यूपी 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन ही बना सकी। मुंबई की नेटली सीवर ब्रंट ने दोहरा प्रदर्शन किया। ब्रंट ने बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाए। वहीं, गेंद से 2 विकेट लिए। मुंबई की ओपनिंग जोड़ी नहीं चली। यास्तिका भाटिया 9 रन और हेली मैथ्यूज 4 रन बना कर आउट हो गए। स्कोर 3.4 ओवर में 2 विकेट पर 17 रन हो गया। मिडिल ऑर्डर पर आए नेटली सीवर ब्रंट 45 रन और हरमनप्रीत कौर 33 रन बना कर टीम को मजबूत स्कोर पर पहुंचाया। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हुई। नेटली सीवर को आउट होने के बाद अमेलिया केर ने 39 रन की पारी खेली। अमनजोत कौर 7 रन बना सकी। जबकि, आखिरी ओवर्स में 14 बॉल में 22 रन बना कर 160 रन के स्कोर तक पहुंचाया। श्रीलंका की प्लेयर और यूपी की बॉलर चमारी अटापट्टू को 2 विकेट मिले। उन्होंने शुरुआती ओवर में मैथ्यूज और भाटिया को चलता किया।



### बल्लेबाज विनोद कांबली और चेतेश्वर पुजारा को भी पीछे छोड़ा

# यशस्वी जायसवाल ने पूरे किए एक हजार टेस्ट रन, तोड़े विराट कोहली के दो बड़े रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का आठ साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वे अब तक इस सीरीज में 700 से ज्यादा रन ठोक चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में भारतीय खब्बू सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का बल्ला जमकर बोल रहा है। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पांचवे टेस्ट मैच में जायसवाल ने पूर्व कप्तान विराट कोहली के दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए है। जायसवाल ने इस टेस्ट की पहली पारी में 58 गेंद पर पांच चौके और तीन सिक्स की मदद से 57 रनों की पारी खेली। इसी के साथ जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली और चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ दिया है। पुजारा ने 11 और विनोद कांबली ने 12 टेस्ट मैचों में 1000 रन पूरे किए थे। इस सीरीज में जायसवाल ने अब तक 89.00 की औसत और 79.91 के स्ट्राइक-रेट से पांच मैचों की 9 पारियों में 712 रन बनाए हैं। वे अबतक इस सीरीज में दो दोहरे शतक और दो अर्धशतक जड़ चुके हैं। जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। कोहली ने 2016-17 में इंग्लैंड के खिलाफ होम सीरीज में 655 रन बनाए थे।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# गोविंदा के साथ लीड रोल नहीं करना चाहती थीं माधुरी, ठुकराई थी सुपरहिट फिल्म

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में हैं जो कि अपनी रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती है. फिल्मों में कई बार एक्टर्स की जोड़ी को भी खूब पसंद किया जाता है. लेकिन कुछ स्टार्स ऐसे जो बड़े पर्दे पर एक साथ काम करने से कतराते है. आज हम बात कर रहे हैं उस फिल्म की जिसमें लीड एकटर का नाम सुनकर इस एक्ट्रेस ने ठुकरा दिया था ऑफर. हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की उस फिल्म की जिसमें गोविंदा लीड रोल में नजर आए थे. इस फिल्म ने गोविंदा की किस्मत पलट दी थी. लेकिन काफी मशक्कत के बाद गविंदा के हाथ मे ये फिल्म आई थी. बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने तहलका मचा कर रख दिया था. हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की उस फिल्म की जिसमें गोविंदा लीड रोल में नजर आए थे. 1986 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम था 'इल्जाम'. इस फिल्म में गोविंदा ने लीड रोल प्ले किया था. फिल्म के लिए मेकर्स की पहली चाइस गोविंदा नहीं बल्कि मिथुन चक्रवर्ती थे. बिजी शड्यूस होने के कारण मिथुन चक्रवर्ती ने इस फिल्म को करने से इनकार कर दिया था. इसके बाद मेकर्स न गोविंदा को कास्ट किया था. ये फिल्म गोविंदा की पहली फिल्म थी. एक्टर के बाद फिल्म के प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी एक बड़ी एक्ट्रेस को इस फिल्म में लीड रोल देना चाहते थे. फिल्म क लिए प्रोड्यूसर की पहली चाइस बॉलावुड की धक- धक गर्ल माधुरी दीक्षित थीं. माधुरी भी इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए थी लेकिन लीड एक्टर में गोविंदा का ना सुनकर एक्ट्रेस ने फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया था. 1 करोड़ 40 लाख के बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी रिलीज के साथ ही धमाका कर दिया था. बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 4 करोड़ 16 लाख की कमाई की थी. इस फिल्म में गोविंदा के साथ नीलम कोठारी और अनीता राज,शत्रुघ्न सिन्हा, प्रेम चोपड़ा ने भी काम किया था. फिल्म में गोविंदा और नीलम कोठारी की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था।




## ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं एक्टर शत्रुघन सिन्हा

एक्टर शत्रुघन सिन्हा लंबे समय के बाद स्क्रिन पर वापसी करने को तैयार हैं। दिग्गज कलाकार अब ओटीटी पर एंट्री करने वाले हैं। 'गैंग्स ऑफ गाजियाबाद' मूवी से वो वापसी कर रहे हैं। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शत्रुघन सिन्हा ने अपनी एक्टिंग से अच्छे-अच्छों को खामोश करा दिया। एक्टर ने एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी। शत्रुघन सिन्हा अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। लंबे समय से कैमरे और फिल्मों से दूर रहे शत्रुघन सिन्हा अब ओटीटी से वापसी कर रहे हैं। 'गैंग्स ऑफ गाजियाबाद' को नागेंद्र चौधरी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। यह मूवी 90 के दशक के दौरान अंडरवर्ल्ड के जुर्म की दास्तां, दोस्ती और मुक्ति की कहानी समेटे हुए है। फिल्म कई सारे सितारों से सजी हुई है। मूवी में शत्रुघन सिन्हा, आशुतोष राणा, सनी लियोनी, माहिरा शर्मा, दुर्गेश कुमार, मुकेश तिवारी और अन्य कई कलाकारों ने अभिनय किया है। मूवी का पहला लुक आज सामने आया है। एक्स पर तरन आदर्श ने पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। साथ ही कलाकारों ने पहला पोस्टर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।



## 2 सालों से एक ही चीज खाकर गुजारा कर रहें इमरान हाशमी, 'सीरियल किसर' ने बताई वजह

बॉलीवुड में अपनी बोल्ड किसिंग सीन्स के लिए इमरान हाशमी काफी मशहूर हैं। क्या आपको पता है एक्टर पिछले 2 सालों से सिर्फ एक ही चीज खा रहे हैं। इमरान हाशमी बॉलीवुड में अपने किसिंग सीन्स के लिए जाने जाते हैं। इनको 'सिरिअल किसर' का टैग भी दिया गया है। एक्टर सिर्फ किसिंग ही नहीं बल्कि अपनी डाइटिंग के लिए भी काफी सीरियस रहते हैं। अब ऐसा क्या है जिसे एक्टर डाइट में लेना बेहद पसंद कर रहे हैं, एक्टर ने खुद ही बताया है।



### सालों से खा रहे हैं सेम चीजें

मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में इमरान हाशमी ने बताया है कि वो करीब पिछले 2 सालों से एक ही चीज खा रहे हैं। इमरान ने हाल ही में खुलासा किया,'मैं मीठे आलू यानी शकरगंदी और चिकन कीमा रोज खा रहा हूं। इन्हें खाना इसलिए बेहतर है क्योंकि यह आसानी से पच जाते हैं। साथ ही सलाद खाने को भी तव्वजो देता हूं। बेशक ऐसा करने से आप बोर हो सकते हैं, लेकिन मैं कर पा रहा हूं। मेरा दिन और रात का खाना बस यही है।'एक्टर ने आगे बताया, 'एक एक्टर होने के नाते मुझे अपने बॉडी शेप को मेनटेन करके रखना होता है, जिसके लिए यह डाइट लेना मेरे लिए बेहद जरूरी है।'

### 19 साल बाद आशिक बनाया आपने का बनेगा पार्ट-2

बॉलीवुड एक्टर को टाइगर 3 में खूब पसंद किया गया था। इमरान ने अपने अगले प्रोजेक्ट 'शोटाइम' के लिए बतौर प्रोड्यूसर काम किया है। इसमें राजीव खंडेलवाल और मौनी मौनी रॉय जैसे एक्टर्स भी होंगे।



**मेट्रो बाजार**

# टाटा मोटर्स ने कॉमर्शियल व्हीकल्स के दाम 2 फीसदी बढ़ाए

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा मोटर्स ने अपने कॉमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों में 2 फीसदी की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई कीमतें 1 अप्रैल से गाड़ियों के अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार अलग-अलग लागू होंगी। इनपुट कॉस्ट बढ़ने के चलते कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया। भारत की सबसे बड़ी कॉमर्शियल व्हीकल मैन्युफैक्चरर टाटा मोटर्स ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इनपुट कॉस्ट बढ़ने के चलते कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने एक जनवरी से कॉमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। वहीं कंपनी ने 1 फरवरी से अपने पैसेंजर्स व्हीकल्स की कीमतों में 0.7 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। तब भी कंपनी ने कहा था कि कीमतों में बढ़ोतरी का मकसद इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी की भरपाई करना है। कॉमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों में बढ़ोतरी की खबर के बीच टाटा मोटर्स का शेयर तेजी के साथ 1,038 रुपए पर बंद हुआ है। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी 3.80 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले टाटा मोटर्स लिमिटेड के बोर्ड ने कंपनी के बिजनेस के ऑपरेशन को दो अलग-अलग एंटिटीज में बांटने यानी डीमर्जर की मंजूरी दी थी। कंपनी अपने कॉमर्शियल व्हीकल्स और पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस को अलग करना चाहती है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज इंटीमेशन में कहा था, डीमर्जर 2022 की शुरुआत में किए गए पीवीऔर ईवी बिजनेस के सब्सिडियराइजेशन का एक लॉजिकल प्रोग्रेशन है। दोनों बिजनेस को मजबूत बनाने और हाईयर ग्रोथ हासिल करने के लिए डीमर्जर किया जा रहा है।




## सिंगटेल ने एयरटेल में 5,849 करोड़ की हिस्सेदारी बेची

**नईदिल्ली,एजेंसी।** ब्लॉक डील के तहत सिंगटेल ने अपनी लगभग 0.8 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी करीब 4.9 करोड़ शेयर जीक्यूजी पार्टनर्स को सौंप दी। सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल ने 7 मार्च को बताया कि उसने भारती एयरटेल में 0.8 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेच दी है। कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी राजीव जैन की निवेश फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स को 5,849 करोड़ रुपये में बेची। भारती एयरटेल के शेयर शुरुआती कारोबार में सपाट ढंग से कारोबार कर रहे थे पर ब्लॉक डील की खबर के बाद कंपनी के शेयरों में शुरुआती नुकसान की भरपाई होती दिखी। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज द्वारा एआरपीयू अनुमानों को सकारात्मक बताने और खरीद कॉल बनाए रखने से भी भी स्टॉक में तेजी आई। वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में, भारती एयरटेल को एक साल पहले इसी तिमाही की तुलना में 54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,442.2 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। कंपनी का रेवेन्यू भी सालाना आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 37,900 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल के अलावा, तत्त्त्र ने भारत की शीर्ष कंपनियों में निवेश कर रखा है। उनके निवेश वाली कंपनियों में आईटीसी भी शामिल है, जिसमें दिसंबर 2023 तक इसकी 1,060 मिलियन डॉलर की हिस्सेदारी थी।



# क्राइम डॉट कॉम नाटक के माध्यम से समाज को दिया सार्थक संदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए मध्य प्रदेश पुलिस निरंतर नवाचार करती रहती है। इसी अनुक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय द्वारा जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना और उनकी पत्नी सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के रवींद्र भवन स्थित अंजनी सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला संबंधी समसामयिक मुद्दों को





**समाज में व्याप्त ज्वलंत अपराधों का मंचन कर जनता को किया जागरुक**

दशार्ते नाटक क्राइम डॉट कॉम का मंचन किया गया। इसके अंतर्गत समाज में व्याप्त ज्वलंत अपराधों को 5 अलग-अलग कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत कर जनता को जागरुप किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, स्पेशल डीजी सीआईडी जीपी सिंह, एडीजी ट्रेनिंग अनुराधा शंकर, एडीजी महिला सुरक्षा शाखा प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। असीम दुबे ने नाटक की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एआईजी महिला सुरक्षा शाखा पिंकी जीवनानी ने किया।

### अपराध की बदलती प्रवृत्ति के प्रति किया जागरूक

आधुनिकता के साथ बदलते समाज और सोशल मीडिया के दौर में अपराध की बदलती प्रवृत्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ह्लक्राइम डॉट कॉमह्व नाटक का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5 लघु नाटकों के माध्यम से समाज को सार्थक संदेश दिया गया। इस दौरान इन 5 कहानियों के माध्यम से माता-पिता द्वारा पढ़ाई और नौकरी का दबाव बनाने से बेटे के हताश होने, आधुनिक समाज में लिव इन रिलेशनशिप और उससे उपजे झगड़े और अपराध, फोन कॉल के माध्यम से जाल में फंसाकर रुपए लूटने के फ्रॉड, कम उम्र में लड़कियों को बरगलाकर उनका शोषण करने और विदेश में नौकरी कर रहे बच्चों के बुजुर्ग माता-पिता के घर में अकेले रहने और उनके साथ वारदात होने के खतरों के बारे में सतर्क किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थानांतर्गत दुर्गा नगर स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात और नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय पूरा परिवार एक बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने गया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बिजेंद्र वंशकार (24) दुर्गा नगर, खंड-2, हबीबगंजा नाका पर रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। मंगलवार रात करीब सवा नौ बजे वह अपने घर पर ताला लगाकर छोला मंदिर में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने चले गए थे। वापस लौटने में रात हो गई तो वहीं रुक गए। अगले दिन बुधवार की सुबह पड़ोसी ने उन्हें घर का मेन गेट खुला होने की जानकारी दी बिजेंद्र घर लौटे। देखा तो ताला टूटा मिला और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर अलमारी में रखे दो मंगलसूत्र, चांदी की पायल, चांदी के कड़े, बच्चे की चांदी की करधोनी, चांदी की अंगूठी, सोने की नथ, एक जोड़ी टाप्स और करीब 30 हजार रुपये नकदी गायब थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमीदिया अस्पताल परिसर से कारपेंटर की बाइक चोरी

**भोपाल।** कोहेफिजा स्थित हमीदिया अस्पताल परिसर से एक कारपेंटर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक प्रकाश विश्वकर्मा (52) दुर्गा नगर सेमरा में रहते हैं और कापरेंटर का काम करते हैं। बुधवार दोपहर को वह अपनी पत्नी के साथ नाती का इलाज कराने हमीदिया स्थित सुल्तानिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी की और अस्पताल के अंदर चले गए। करीब एक घंटे बाद बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। इधर टीटी नगर थानांतर्गत न्यू मार्केट से शिव ओसवाल, हबीबगंज मार्केट गोविंदपुरा से मकबूल खान, बी सेक्टर सर्वधर्म कोलार रोड से राधेश्याम डोंगरे और विक्रम डेरी के पास बैरागढ़ से रोहित कुमार की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### तलैया इलाके में बीमारी के चलते महिला की मौत

**भोपाल।** तलैया इलाके में बीमारी के चलते एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक केवड़े वाला बाग इलाके में रहने वाली जैनब (25) पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। बुधवार की शाम तबीयत बिगड़ने पर उसे हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### महिला के सूने मकान से जेवरात और जरूरी दस्तावेज चोरी

**भोपाल।** कोहेफिजा थानांतर्गत खानूगांव स्थित एक सूने आवास चोर जेवरात और जरूरी दस्तावेज समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक अतिया काजमी (40) खानूगांव चौराहे के पास कोहेफिजा में रहती हैं और प्रायवेट टीचर हैं। बीती चार मार्च की रात को वह बहनोई के घर ठहरी अपनी मां की तबीयत देखने पहुंची और रात को वहीं पर रुक गई थी। अगली सुबह घर पहुंची तो पहली मंजिल पर स्थित उनके कमरे, मां और भाई के कमरों का पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा भाई के कमरे से जरूरी दस्तावेज गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### जागरण लेक सिटी तिराहा पर रोककर की मारपीट, जान बचाकर

# पुराने विवाद का बदला लेने युवक से मारपीट व हवाई फायर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित जागरण लेक सिटी तिराहा पर कार सवार बदमाशों ने एक छात्र के साथ डंडे से मारपीट कर दी। छात्र जान बचाकर भागने लगा तो आरोपियों ने उस पर फायर भी किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास समेत फायर करने और आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**



**भाग रहे छात्र पर फायरिंग**

वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों में मुख्य आरोपी मुख्तार मलिक का बेटा यासीन मलिक है।

पुलिस के अनुसार जागरण लेक सिटी में तीन दिन पहले छात्रों के दो गुट में विवाद हुआ था। विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों पर काउंटर प्रकरण दर्ज कर लिया था। उक्त मामले में पल्लव ज्योतिदास एक पक्ष की तरफ से आरोपी बनाया गया था। पल्लव ज्योति दास पिता वीरेंद्र चंद्र दास (21) मूलत- सुमितपुर आसाम का रहने वाला है। इन दिनों वह मकान नंबर 54 डी सेक्टर कोलार में रह रहा है। पल्लव ज्योति दास ने बताया कि वह बीटीईएस फायनल ईयर की पढ़ाई कर रहा है। कल दोपहर 3 बजे के आसपास यूनिवर्सिटी की तरफ जा रहा था। उसकी बाइक जगरण लेक सिटी तिराहा पर पहुंची ही थी कि साइड से एक कार आई। कार में तीन चार लोग बैठे हुए थे। उन्होंने पल्लव की बाइक रोक ली। पल्लव कुछ समझ पाता इससे पहले ही आरोपियों ने कार से डंडे निकाले और उस पर हमला शुरू कर दिया। पल्लव जान बचाकर भागने लगा तो आरोपियों ने उस पर फायर कर दिया। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने पर चले हुए कारतूस का एक खोखा बरामद किया है। पुलिस पल्लव ज्योति की शिकायत पर यसीन मलिक और उसके साथियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

### पूर्व पार्षद की बेटी ने बिल्डर से 74 लाख रुपए ठगे

**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने बिल्डर की शिकायत पर पूर्व पार्षद की बेटी के खिलाफ 74 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। बिल्डर ने आरोप लगाए कि पूर्व पार्षद की बेटी ने परेवाखेड़ा में 5 एकड़ जमीन 6 करोड़ रुपए में बेचने का सौदा कर उससे 74 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद जमीन दूसरे को बेच दी। पुलिस ने महिला के अलावा उसके चचेरे भाई को भी सहआरोपी बनाया है। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

टीआई रुपेश दुबे ने बताया कि इतवारा निवासी कमल चावला बिल्डर हैं। उनसे पूर्व पार्षद आशा जैन की बेटी एकता जैन ने बताया कि उसकी परेवाखेड़ा में 5 एकड़ जमीन है। जिसे वह बेचना चाहती हैं। 6 करोड़ रुपए में बिल्डर ने डील कर ली। 60 लाख रुपए एडवांस दे दिए। शर्तों के अनुसार 60 लाख मिलने के बाद एकता को जमीन का कब्जा देना था। लेकिन, इसी बीच जमीन को लेकर किसी ने आपत्ति दर्ज करा दी। इस पर एकता के चचेरे भाई ने पुनीत जैन ने कमल से कहा कि आपत्ति दर्ज कराने वाले को 14 लाख रुपए दे देते हैं। इस पर कमल से वह फिर 14 लाख रुपए ले गया। बाद में एकता ने उक्त जमीन किसी दूसरे को बेच दी। कमल ने जब अपने पैसे मांगे तो वह वापस करने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने मामला दर्ज कराया।

### हत्या कर श्मशान घाट रोड पर फेंका शव, हत्या का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित कोविड गेट श्मशान घाट नया बसेरा से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की शव बरामद किया था। मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला?था, जिससे की उसकी पहचान हो सके। शरीर पर चोट होने के कारण पुलिस को हत्या की आशंका थी और पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने के कारण उसका पीएम कराया। पीएम रिर्पाट में यह बात सामने आई?कि उसके साथ मारपीट की गई?थी। मारपीट में आई चोट के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट मिलने के बाद अज्ञात आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है?कि हत्यारे तक पहुंचने से पूर्व मृतक की शिनाख्त करनी जरूरी है। पुलिस मृतक का हुलिया इलाके में और आसपास के थानों को भेजकर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि नया बसेरा पीसी नगर से भदभदा विश्राम घाट की तरफ जाने वाले रास्ते पर किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा बनाया और लाश को पीएम के लिए भेज दिया। तलाशी लेने पर मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है।

## खरीददारी के बहाने दुकान पहुंचा युवक काउंटर से 50 हजार की गड्डी चोरी कर हुआ गायब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी स्थित एक टाइल्स दुकान के काउंटर से चोर 50 हजार रुपये की गड्डी चोरी कर भाग निकला। घटना के समय आरोपी नल खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचा था और पांच सौ रुपये का नोट दिया। दुकानदार पैसे खुल्ले कराने पड़ोस की दुकान पर चला गया, तभी मौका पाकर युवक ने दराज से गड्डी निकाल ली। कुछ देर में और सामान लेने की बात कहकर वह गायब हो गया। दुकानदार को जब इसका पता चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



पुलिस के मुताबिक घनश्याम सिंह खींची (49) पीताम्बरा होम्स अवधपुरी में रहते हैं और शुभालय विला अवधपुरी में वंश ट्रेडिंग कंपनी के नाम से टाईल्स की दुकान चलाते हैं। बुधवार दोपहर करीब पौने तीन बजे वह दुकान पर थे, तभी एक युवक नल की टोंटी खरीदने पहुंचा। नल की टोंटी दिखाने के बाद युवक ने कीमत पूछी तो उन्होंने 150 रुपए बताई। इस पर युवक ने उन्हें पांच सौ रुपये का नोट दिया। उस वक्त पांच सौ रुपये के खुल्ले नहीं होने के कारण घनश्याम बगल वाली किराने की दुकान खुल्ले कराने चले गए। वापस लौटने पर युवक ने बोला उसे इसी प्रकार की नल की 10 टोटियां और चाहिए। उसने घनश्या से कहा कि आप सामान निकालो, मैं पेमेंट लेकर आ रहा हूं। इतना कहने के बाद वह दुकान से चला गया। नल की टोटियां चैक करने के लिए घनश्याम ने काउंटर की दराज में रखा चाकू निकालने के लिए दराज खोला तो पता चला कि अंदर रखी पांच सौ रुपये की एक गड्डी (कुल 50 हजार) गायब थी। उसके बाद घनश्याम ने थाने जाकर रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

**मेट्रो एंकर** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश में दी जा रही दबिश

# किसान की बाइक से नोटों का थैला चुराने वाली महिलाओं का नहीं लगा सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित रेंज चौराहा पर किसान की बाइक के हैंडिल पर लटका नोटो का थैला चुराने वाली महिलाओं का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। महिलाओं का हुलिया कंजर समुदाय को लोगों की तरह लग रहा है। लिहाजा पुलिस ने उन बस्तियों में सर्चिंग बढ़ा दी है, जहां कंजर समुदाय के लोग अधिक रहते हैं। इसके अलावा बिजोरी टपरा पर भी पुलिस की टीम आरोपी महिलाओं की तलाश में गई थी, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका है।

पुलिस के अनुसार गांव मनख्याई, तहसील बैरसिया निवासी 45 साल के अमित शर्मा पिता प्रेम नारायण शर्मा पेशे से किसान हैं। उन्होंने अपना ट्रैक्टर कुछ दिन पहले कमल सिंह मीणा को बेचा था। कुछ रकम वह ले चुके थे, लेकिन 1 लाख 90 हजार रुपए उन्हें लेने थे। बुधवार को वे केनरा बैंक पहुंचे और वहां कमल ने उन्हें 1 लाख 90 हजार रुपए निकालकर दे दिए। 1 लाख 90 हजार रुपए में उन्होंने 8 हजार रुपए की उधारी चुकाई और बचे 1 लाख 82 हजार रुपए थैले में रख



लिए। उन्होंने पैसों से भरा थैला अपनी बाइक पर लटका लिया था। इसके बद वह गांव जाने के लिए निकल गए। इससे पूर्व उनकी बच्ची ने कपड़े की जिद की और वह रेंज चौराहा पर कपड़े की दुकान में रुक गए। अमित शर्मा ने बताया कि उन्होंने कपड़े की दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी की थी। इस दौरान वह हैंडल पर लटका पैसों वाला थैला साथ ले जाना भूल गए। वे कपड़े खरीद रहे थे। इसी बीच उन्हें याद आई कि पैसों वाला थैला हैंडिल पर छूट गया है। वे फौरन बाहर निकलकर आए तो हैंडल पर लटका थैला नहीं था। दुकान में लगे सीसीटीवी देखने पर दो महिलाएं थैला चुराते हुए नजर आई है।

### भागवत कथा सुनने गई बुजुर्ग महिलाओं के गले से 4 तोला सोने की चैन चोरी

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में भागवत कथा सुनने पहुंची दो बुजुर्ग महिलाओं के गले से चोर 4 तोला वजनी सोने की चैन चोरी कर ले गए। चोरी गई दोनों चेनों की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसके पहले भी इसी कथा में शामिल होने पहुंची एक अन्य महिला के गले से हजारों रुपए कीमत की चेन चोरी हो गई थी। पुलिस के मुताबिक अजय कुमार सक्सेना (54) मुखर्जी नगर जिला रायसेन में रहते हैं और अधिवक्ता हैं। अजय ने पुलिस के बताया कि बताया कि उनके रिश्तेदार ने पिछले दिनों आजाद नगर, रत्नागिरी बायपास मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में भागवत कथा का आयोजन कराया था। बीती 24 फरवरी को उनकी मां सुधा सक्सेना (72) और मामी गीता सक्सेना (65) भागवत कथा में शामिल होने पहुंची थी। शाम करीब छह बजे आरती के समय काफी भीड़भाड थी, तभी किसी ने मां और मामी के गले से सोने की चेन चोरी कर ली। सुधा के गले में ढाई तोला और गीता के गले में डेढ़ तोला वजनी चेन थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022